## एक नजर

### खून की उल्टी हुई और तोड़ दिया दम

**मऊ (चित्रकूट), अमृत विचार :** गुरुवार देर शाम झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे लालता रोड के पास एक व्यक्ति की खून की उल्टी से मौत हो गई। वह पैरों से दिव्यांग था और कई वर्षों से गली चौराहों में भीख मांगकर जीवनयापन करता था। थाना प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पांडेय ने बताया कि सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया। शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### विचाराधीन बंदी देगा इंटर की परीक्षा

**चित्रकूट, अमृत विचार :** विचाराधीन बंदी अजय यादव को कोर्ट ने परीक्षा देने की स्वीकृति दे दी है। रगौली स्थित जिला कारागार के विचाराधीन बंदी अजय यादव को इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में श्री गंगा प्रसाद जनसेवा इंटर कॉलेज से बैठने का अवसर मिलेगा। अजय के भाई ने इस संबंध में न्यायालय में प्रार्थनापत्र दिया था। न्यायालय के आदेश पर अजय पुलिस की सुरक्षा में केंद्र ले जाया जाएगा।

### एसडीएम-सीओ का अन्य जनपदों में तबादला

**चित्रकूट, अमृत विचार :** जिले से दो अधिकारियों का तबादला अन्य जनपदों के लिए हुआ है। युवा पीपीएस अधिकारी और सीओ हर्ष पांडेय अब सोनभद्र जिले में इसी पद पर कार्य करेंगे। मानिकपुर के एसडीएम पीसीएस रामजनम यादव को बरेली का उप जिलाधिकारी बनाया गया है।

### ट्रेन से कटा बुजुर्ग

**चित्रकूट, अमृत विचार :** कोतवाली अंतर्गत कालूपुर में बीएसएनएल ऑफिस के पीछे रेलवे ट्रैक पार करते समय गुरुवार दोपहर 60 वर्षीय बुजुर्ग किसी ट्रेन की चपेट में आने से कट गया। शिनाख्त नहीं हो सकी है।

# बाइकों की टक्कर में दो युवकों की मौत, दो गंभीर

## राजापुर थानांतर्गत अर्जुनपुर गांव के पास हुआ हादसा

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

**अमृत विचार :** सड़क हादसों का सिलसिला थम नहीं रहा। बुधवार देर शाम हुई दुर्घटना में दो युवाओं की मौत हो गई। दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।


नीरज की फाइल फोटो।

पहाड़ी निवासी नीरज कुमार पांडेय (26) पुत्र बेनीमाधव एजूकेटेड गर्ल्स नामक एनजीओ में काम करता था। रोजाना की तरह वह बुधवार को बाइक से अपने सहयोगी विनय (25) पुत्र चंद्रिका प्रसाद निवासी जमहिल थाना पहाड़ी के साथ क्षेत्र में काम करने गया था। देर शाम दोनों वापस पहाड़ी आ रहे थे। राजापुर थानांतर्गत अर्जुनपुर गांव के पास पहाड़ी की ओर से तीव्र गति से आ रही दूसरी बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मारी। इससे दोनों मोटरसाइकिलों के सवार चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी होने पर प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप सिंह पटेल व प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी ले गए, जहां हालत गंभीर देखते हुए सभी को जिला चिकित्सालय के लिए रिफर किया गया। अस्पताल में नीरज पांडेय व दूसरी बाइक के चालक संजीव वर्मा (23) पुत्र रामचंद्र निवासी गिरधारा थाना रैपुरा की मौत हो गई। विनय व दूसरी बाइक के अमर पुत्र राजबहादुर निवासी गिरधारा का इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है। बता दें कि इससे पूर्व भी कई दुखद हादसे हो चुके हैं। 15 फरवरी को उद्घटा निवासी ममता (21) पत्नी विद्यासागर, बेटी रिया भारती (5) और भाई छोटू (22) की बोड़ी पोखरी-राजापुर मार्ग पर अनियंत्रित ट्रक की बाइक को टक्कर से मौत हो गई। 11 फरवरी को ओरा निवासी शैलेंद्र मिश्रा (32) पुत्र अभिलेष मिश्रा की कुचारम गांव से कुछ दूरी पर पुलिया के पास किसी वाहन की टक्कर से मौत हो गई।



हादसे की जानकारी मिलने पर अस्पताल पहुंचे परिजन और परिचित।

### एक साल पहले हुई थी नीरज की शादी

नीरज की असामयिक मौत से उसके घर में हाहाकार मच गया। वह दो भाइयों में छोटा था। बड़े भाई राजेश बाहर रहते हैं। नीरज की एक वर्ष पूर्व प्रियंका के साथ शादी हुई थी। युवक के मिलनसार और गंभीर स्वभाव को याद कर लोग भावुक हो गए। नीरज की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घर के बाहर लोगों की भीड़ लगी है। मोहल्ले में सन्नाटा पसर है।

### मैरिज एनीवर्सरी के दिन हुई हेमंत की मौत

कितना दुखद संयोग है, शादी की सालगिरह के दिन ही युवक की मौत हो गई। भरतकूप थानांतर्गत भवानीपुर गांव निवासी हेमंत पटेल (25) बिजली विभाग में संविदाकर्मी था। गुरुवार को वह भरतकूप में ड्यूटी करने के बाद घर जा रहा था कि किसी वाहन की टक्कर से मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि 22 फरवरी को ही उसकी मैरिज एनीवर्सिरी थी। उसकी 11 दिन की बच्ची है।

# डीएम- एसपी ने किया मतदान केंद्रों का दौरा

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार :** आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर प्रशासन सजग है। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के साथ गुरुवार को मतदान केंद्रों का मुआयना किया और अधीनस्थों को व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

डीएम, एसपी ने चित्रकूट इंटर कॉलेज, इंग्लिश मीडियम स्कूल नई बाजार, सेठ राधाकृष्ण पोद्दार इंटर कॉलेज सीतापुर, इंग्लिश मीडियम विद्यालय और पूर्व माध्यमिक विद्यालय लोढ़वारा तथा राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में दौरा किया। दोनों अधिकारियो ने केंद्रों में पेयजल, रैंप, प्रकाश, फर्नीचर, शौचालय, बाउंड्रीवॉल आदि व्यवस्थाओं को देखा। अपर जिलाधिकारी वंदिता श्रीवास्तव को निर्देश दिए कि राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर को दोनों विधानसभा क्षेत्रों की ईवीएम रखे जाने के लिए स्ट्रांग रूम बनाया जाना है। ऐसे में वह लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ यहां पहले से तैयारी कर लें। सीआईसी के भ्रमण के दौरान उप जिलाधिकारी सौरभ यादव को निर्देश दिए कि परिसर में पोलिंग पार्टियों के रवाना करने और वाहनों के खड़े होने की व्यवस्था तथा चुनाव सामग्री वितरण आदि की व्यवस्था की यहीं से होगी। पहले से व्यवस्थाएं दुरुस्त कर लें। जिन बूथों पर कोई समस्या हो तो अभी से ही निस्तारण कराया जाए।


मतदान केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं की जानकारी लेते डीएम व एसपी।

### अपराध रोकने के लिए होगी नियमित रात गश्तः अजीत

**मऊ (चित्रकूट), अमृत विचार :** नवागंतुक प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पांडेय ने कहा है कि अपराध रोकने के लिए पुलिसकर्मियों को नियमित रूप से रात गश्त करने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने कार्यभार ग्रहण करने के बाद अपनी प्राथमिकताएं बताईं। कोतवाली कर्वी प्रभारी से मऊ थाने की जिम्मेदारी संभालने के बाद एसओ ने कहा कि शासन की मंशानुसार काम होगा। महिला उत्पीड़न के आरोपियों पर सख्त कार्रवाई होगी। मादक पदार्थ का धंधा करने वालों को चिह्नित किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे बिना झिझक पुलिस को अपनी समस्या बताएं। कोई भी व्यक्ति किसी भी समय मिलकर समस्या बता सकता है। मातहतों को निर्देश दिए कि असामाजिक तत्वों पर नजर रखें। व्यापारियों से अनुरोध किया कि वे दुकानों के सामने सीसीटीवी लगवाएं। बताया कि एंटी रोमियो दल को भी सक्रिय रहने के निर्देश दिए।



# पूर्व डीएफओ के बेटे पर जमीन कब्जाने का आरोप, जांच की मांग

**आक्रोश**

▸▸ ग्रामीणों ने एडीएम को सौंपा था ज्ञापन, पूव और वर्तमान प्रधान ने आरोपों को नकारा

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार :** एक सेवानिवृत्त डीएफओ के पुत्र पर ग्रामसभा की बेशकीमती जमीन को हड़पने का आरोप लग रहा है। ग्रामीणों ने बीते दिन इस संबंध में डीएम को संबोधित शिकायती पत्र एडीएम को सौंपकर जांच की मांग की है। उधर, पूर्व प्रधान ने आरोपों को गलत बताया है।

कर्वी तहसील अंतर्गत समेरिया जगन्नाथवासी नरेंद्र कुमार, शिवकुमार, चुनबाद, दीपक आदि का आरोप है कि गांव की बाबूपुर, चकला-गोदावरी मोड़ की बेशकीमती जमीन को वर्तमान और पूर्व प्रधान की मिलीभगत और कूटरचना से कब्जाया जा रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को भेजे पत्र में बताया है कि गांव की 0.332 हेक्टेयर भूमि ग्रामसभा के नाम दर्ज है। इस रकबे में कुछ सम्मिलित खातेदारों का भी हिस्सा है। पट्टाधारकों के बीज आज तक किसी तरह का कोई बंटवारा कानूनी रूप से नहीं हुआ है। इनका तर्क है कि ऐसे में कोई भी अपनी जमीन पर काबिज नहीं हो सकता। आरोप लगाया कि पूर्व और वर्तमान प्रधान और भू राजस्वकर्मियों की मिलीभगत से पूर्व डीएफओ का पुत्र इस जमीन पर निर्माण करा रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कराकर निर्माण कार्य रुकवाने के निर्देश दें। जब तक ग्रामसभा और संबंधित व्यक्ति की जमीन का विधिक बंटवारा न हो जाए, तब तक यहां यथास्थिति बनी रहे।

### पूर्व प्रधान ने कहा- उनके पास कागजात

इस संबंध में पूर्व प्रधान सेमरिया जगन्नाथवासी ने आरोपों को सरासर गलत बताया। उन्होंने कहा कि पूर्व डीएफओ के पुत्र के पास एक बीघा 37 बिस्वा जमीन खरीदी है। वह कब्जा नहीं कर रहे बल्कि उनका वहां कानूनी रूप से कब्जा ही है। बताया कि जमीन का आधा हिस्सा ग्रामसभा के नाम है और बाकी आधा अन्य लोगों के नाम पर है। जो अवैध कब्जाधारी हैं, वही शिकायत कर रहे हैं। बताया कि यह मामला चर्चित है और अधिकारियों की जानकारी में है। अवैध कब्जे को बचाने के लिए शिकायतकर्ता दुनिया का नाटक कर रहे हैं। उधर, इस संबंध में पूर्व डीएफओ के पुत्र से बात नहीं हो सकी।

# हरियाणा पुलिस ने की किसान शुभकरण की हत्याः रुद्र प्रसाद

**चित्रकूट, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश किसान सभा की राज्य कार्यकारिणी सदस्य रुद्र प्रसाद मिश्र ने हरियाणा की पुलिस पर युवा किसान शुभकरण सिंह की हत्या करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि शुभकरण की शहादत से किसानों का अपना हक लेने का संकल्प और पक्का हुआ है।



एक बयान जारी कर अधिवक्ता रुद्र प्रसाद ने कहा कि सभी वर्गों के संगठनों से शहीद युवा किसान को श्रद्धांजलि देने की अपील है। बताया कि भटिंडा जिले के बल्लो गांव के 23 वर्षीय किसान शुभकरण सिंह की सरकार की किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन करते समय पंजाब के खन्नौरी बॉर्डर पर पुलिस ने गोली मारकर हत्या कर दी। हम शहीद किसान शुभकरण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दुखी परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हैं। बताया कि सभा की जिला इकाई संयुक्त किसान मोर्चा के आंदोलन का समर्थन करती है। किसान सभा इस सर्वोच्च बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने देगी और किसानों की उचित व जायज मांगों को प्राप्त करने के लिए बड़े पैमाने पर निर्णायक कार्रवाई करने का संकल्प लेती है।

### लोक अदालत की सफलता के लिए बैठक

**चित्रकूट, अमृत विचार :** 9 मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए गुरुवार को जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विकास कुमार प्रथम के निर्देश पर बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता सुशील कुमार वर्मा प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने की।

बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत में संबंधित विभागों से अधिक से अधिक वादों को चिह्नित कर निस्तारण पर बल दिया। बैठक में संजय कुमार अपर जिला जज, वाचस्पति सिंह तहसीलदार कर्वी-मानिकपुर, राजकुमार सिंह एसओसी प्रतिनिधि, अंकुर कचेर जिला कृषि विभाग और लालजी ईओ मौजूद रहे।

### इम्तेहान शुरू...






**चित्रकूट :** गुरुवार से यूपी बोर्ड और सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो गईं। जिले में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 42 केंद्र बनाए गए हैं। पहले दिन डीआईओएस कार्यालय में बने मानीटरिंग सेल- कंट्रोल रूम में गहमागहमी रही। उधर, श्री गोस्वामी इंटर कालेज छीबों में भी परीक्षार्थी लाइन में लगकर तलाशी देते रहे। प्रधानाचार्य शिवशंकर चौधरी ने बताया कि शासन के मंशानुरूप परीक्षा कराई जा रही हैं। सेक्टर मजिस्ट्रेट शैलेंद्र सिंह ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। यहां पर पांच अन्य विद्यालय के छात्रों का भी केंद्र बनाया गया है जिसमें जितेंद्र इंटर कालेज राजापुर, नांदिन कुर्मियान इंटर कालेज नांदिन, महादेव इंटर कालेज नांदिन राजापुर, ज्योतिबाराव फुले रामनगर और राजकीय हाईस्कूल सिरावल हैं। पहली पाली में हाईस्कूल के पंजीकृत 14177 परीक्षार्थियों में 672 गैरहाजिर रहे। उधर, द्वितीय पाली में हाईस्कूल में 125 में से आठ और इंटरमीडिएट में 9453 में से 257 अनुपस्थित रहे। अमृत विचार

# पुलिस भर्ती परीक्षा में धांधली फिर से कराई जाएंः विधायक

चित्रकूट कार्यालय

**आरोप**

▸▸ अनिल प्रधान ने सीएम को भेजा पत्र, जांच की मांग उठाई

**अमृत विचार :** सदर विधायक अनिल प्रधान ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर बीते दिनों हुई पुलिस भर्ती परीक्षा को फिर से कराने का आग्रह किया है। सपा विधायक का कहना है कि उनसे जिले के युवाओं ने शिकायत की है कि परीक्षा में धांधली हुई है। सभी पालियों के पेपर परीक्षा के पूर्व ही मोबाइल के माध्यम से वायरल हो गए थे।

मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में अनिल प्रधान ने कहा है कि 17 एवं 18 फरवरी को उप्र पुलिस भर्ती परीक्षा कराई गई। उनके विधानसभा क्षेत्र और जिले के युवाओं ने उनको ज्ञापन देकर बताया है कि परीक्षा में धांधलेबाजी हुई है और सभी पालियों के पेपर समय से पूर्व ही मोबाइल के माध्यम से वायरल हो गए। इसके साक्ष्य भी अभ्यर्थियों ने उनके सामने प्रस्तुत किए। विधायक का कहना है कि इस धांधलेबाजी से अभ्यर्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है। सीएम से अनुरोध किया कि भर्ती परीक्षा की जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करें और पुनः निष्पक्ष परीक्षा कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दें।

### निर्माण कार्य पर स्टे लगाया

**सीतापुर (चित्रकूट), अमृत विचारः** न्यायालय नायब तहसीलदार वृत्त चित्रकूट तहसील मझगवां (सतना) ने तीर्थक्षेत्र के वार्ड नंबर तीन कामता में मंदिर परिसर की बगिया के नाम से जानी जाने वाली जमीन पर निर्माण कार्य पर स्थगनादेश दिया है। इस संबंध में शिवम गौतम व ध्रुवदत्त आदि ने शिकायत की थी। इलाकाई लोगों का आरोप है कि सरकारी राजस्व की आराजी पर दुकान बनाकर अवैध कब्जा किया गया। स्थानीय निवासियों की मांग पर पटवारी प्रतिवेदन के बाद नायब तहसीलदार ने किए जा रहे अवैध निर्माण को रोकने के लिए स्थगन आदेश जारी किया। साथ ही इसका कड़ाई से पालन करने का आदेश दिया है।

### निःशुल्क कानूनी सहायता के लिए किया जागरूक



पोस्टर लॉन्च करने के दौरान मौजूद सीओ राजापुर व अन्य पुलिसकर्मी।

**पहाड़ी (चित्रकूट), अमृत विचारः** क्षेत्राधिकारी निष्ठा उपाध्याय ने गुरुवार को थाना पहाड़ी में फ्री लीगल एड पोस्टर का अनावरण किया। बताया गया कि महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन लखनऊ द्वारा निःशुल्क कानूनी सहायता पर लोगों को जागरूक करने के लिए यह पोस्टर लॉन्च किया गया है। नोडल अधिकारी महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन व सीओ राजापुर ने थाने के महिला हेल्पडेस्क में पोस्टर लगाया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल, आरक्षी माद्री तोमर और अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# संविदाकर्मियों की जल्द करें नियुक्ति

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने मुख्य चिकित्साधिकारी डा. भूपेश द्विवेदी को निर्देश दिए कि राज्य मुख्यालय द्वारा चयनित संविदाकर्मियों की जल्द नियुक्ति कराएं।

डीएम ने गुरुवार को जिला स्वास्थ्य समिति की शासी निकाय की बैठक में सीएमओ को निर्देशित किया कि सिजेरियन के मामलों को रिफर न करें। उन्होंने जिला क्षयरोग अधिकारी को योजनाबद्ध तरीके से डीआरटीबी उपकरण खरीदने के निर्देश दिए। सीएमओ से कहा कि जिला क्षय रोग अधिकारी की रिपोर्ट के अनुसार रामनगर में टीबी का काम ठीक से न करने वाले कर्मचारी को समिति के माध्यम से नोटिस देकर हटाएं। डीएम ने संस्थागत प्रसव की सूची बनाने, प्रभारी चिकित्साधिकारी मानिकपुर को आशा व एएनएम से ठीक से काम कराने, प्रसव लाभार्थियों का भुगतान कराने, परिवार नियोजन का लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए। आशा कार्यकर्ता के केंद्रों पर नहीं मिलने पर जिम्मेदारी प्रभारी चिकित्साधिकारी की होगी। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, डीडीओ राजकुमार त्रिपाठी, सीएमएस वंदना, एसीएमओ ओपी भास्कर, डीपीएम आरके करवरिया, जिला मलेरिया अधिकारी लाल सिंह, दिलीप सिंह आदि मौजूद रहे।


बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी। अमृत विचार

### चार दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन



**रामनगर (चित्रकूट), अमृत विचार :** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बीआरसी में गुरुवार को बुनियादी भाषा व गणित विषय पर आधारित चार दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। बीईओ एनपी सिंह ने बताया कि 104 प्राइमरी व 19 कंपोजिट विद्यालयों के कुल 457 शिक्षकों-शिक्षामित्रों में 400 को यह प्रशिक्षण 8 चक्रों में दिया गया। प्रशिक्षण रामभरोसा यादव, संदीप सिंह, छोटा प्रसाद, सुशील राणा ने दिया।

**कार्यालय- ग्राम पंचायत गौरिया, विकासखण्ड- मानिकपुर, जनपद-चित्रकूट**

पत्रांकः पंचम वित्त/15 वाँ वित्त — दिनांकः 21/02/2024

**अल्पकालीन निविदा**

विकास खंड मानिकपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत गौरिया में पंचम वित्त/15वाँ वित्त अन्तर्गत निम्न कार्य में प्रयुक्त सामग्री हेतु व्यापार कर व आयकर में पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित किया जाता है निविदा प्रकाशन के पांच दिवस तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा निविदा ही मान्य होगी। **दिनांक 21/2/2024से 28/2/2024**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1– | ग्राम पं0 गौरिया में भइयालाल के घर से लुल्ली के घर तक इण्टरलॉकिंग खडंजा निर्माण कार्य। | 1.24 लाख | 2% | 500 रू0 |
| 2– | ग्राम पं0 गौरिया में जगनारायण के घर से देवी जी की ओर इण्टरलॉकिंग खडंजा निर्माण का कार्य। | 2.36 लाख | 2% | 500 रू0 |

नोटः– सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी।

प्रधान– ग्राम पंचायत– गौरिया — सचिव– ग्राम पंचायत– गौरिया

# सच्चे मन से भजन गाकर जीवन को बनाएं पावन : रमनजी

**धर्म-अध्यात्म**

छीबों में श्रीमद्भावगत कथा के 5वें दिन कथा वाचक ने श्रद्धालुओं को दी सच्चे मन से सत्संग करने की प्रेरणा

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायत छीबों के प्राचीन श्रीराम जानकी मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा में कथावाचक रमनजी ने श्रद्धालुओं को सच्चे मन से सत्संग करने की प्रेरणा दी। बताया कि सच्चे मन से भजन गाकर जीवन को पावन किया जा सकता है। मंदिर में हनुमानजी को श्रोता बनाकर कथा सुनाई जा रही है।

5वें दिन गुरुवार की कथा में कथाव्यास ने श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा के प्रसंगों को सुनाकर श्रद्धालुओं को भक्तिरस में डुबो दिया। भगवान श्री कृष्ण की बाललीलाओं का वर्णन विस्तार से किया। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण के जीवन दर्शन को ध्यान से देखा जाए तो पता चलता है कि जीवन में विपत्तियों के आने की कोई उम्र नहीं होती है। उन्होंने बताया कि भगवान भी लीला करते हुए सांसारिक जीव को यह नसीहत देते रहे हैं कि कर्म का फल जीव को भुगतना पड़ता है। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण का जन्म भी विपत्तियों के कारण ही हुआ है और इतना ही नहीं जन्म भी कारागार में और माता पिता भी कारागार में। उसके बाद माता पिता से विछोह भी होता है। इसके बाद दुर्भाग्य उनका पीछा नहीं छोड़ता है और उनके साथ साथ मथुरा से नंदगांव तक साए की तरह पीछे लगा रहता है। दूध पीने की उम्र में उन्हें पूतना विष पिलाने की कोशिश करती है और खेलने की उम्र में उन्हें बकासुर अघासुर के साथ मौत का खेल खेलना पड़ा। कालिया नाग के साथ श्रीकृष्ण को बालपन में जूझना तक पड़ा लेकिन उन्होंने इस संसार को अपने जीवन से यही शिक्षा दी कि न्याय के लिए सदा संघर्ष करना पड़ता है, उससे कभी विचलित नहीं होना चाहिए। समस्या चाहे जैसी हो उसका डटकर मुकाबला करना चाहिए। इतिहास उसी का लिखा गया है जिसने चरित्र को गढ़ा है।


कथावाचक रमनजी।


कथा के दौरान पंडाल में मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

### 40 वर्ष से हो रही कथा

बता दें कि छीबों में श्रीराम जानकी मंदिर में 40 वर्षों से माघ मास में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाता है। आयोजक राममंगल द्विवेदी ने बताया कि हनुमान जी की कृपा से हमें यह अवसर मिला है। पहले उनके पिता स्व. शिवशंकर द्विवेदी यह आयोजन करते रहे। अब इस परंपरा का निर्वहन पूर्वजों के आशीर्वाद एवं भगवान की कृपा से किया जा रहा है। व्यवस्था में रामकृष्ण द्विवेदी जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

### वन धन विकास केंद्र की हुई शुरुआत

**सीतापुर (चित्रकूट), अमृत विचार :** दीनदयाल शोध संस्थान के स्वावलंबन केंद्र भरगवां में प्रधानमंत्री वन धन योजना के अंतर्गत वन धन विकास केंद्र का उद्घाटन किया गया। बता दें कि वन धन मिशन गैर-लकड़ी के वन उत्पादन का उपयोग करने वाली जनजातियों के लिए आजीविका के साधन उत्पन्न करने की पहल है। इस दौरान सतना सांसद गणेश सिंह, विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार, कलेक्टर सतना अनुराग वर्मा, वन अनुभागीय अधिकारी अभिषेक तिवारी, तहसीलदार जितेंद्र तिवारी, दीनदयाल शोध संस्थान के कोषाध्यक्ष वसंत पंडित एवं संगठन सचिव अभय महाजन मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सिकरी सानी विकास खंड पहाड़ी चित्रकूट**

**निविदा**

विकास खंड पहाड़ी अन्तर्गत ग्राम पंचायत सिकरी सानी में मनरेगा योजना अन्तर्गत निम्न कार्य में प्रयुक्त सामग्री हेतु व्यापार कर व आयकर में पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित किया जाता है निविदा प्रकाशन के पांच दिवस तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा निविदा ही मान्य होगी। **दिनांक 23/2/2024से 28/2/2024**

| क्र0सं0 | कार्य | लागत | धरोहर राशि | निविदा राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रामगनेश के घर से बाबूराम के घर तक इंटर लाकिंग खरंजा निर्माण | 296292 | 5950 | 500 |
| 2 | अनुसुइया के घर से बब्बू प्रसाद के घर तक इंटर लाकिंग खडंजा निर्माण | 325545 | 6500 | 500 |

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत- सिकरी सानी
विकास खंड- पहाड़ी, चित्रकूट

ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत- सिकरी सानी
विकास खंड- पहाड़ी, चित्रकूट

# बारिश और ओलावृष्टि से 50 फीसद फसलों का नुकसान

## बूंदाबांदी से नहीं टला खतरा, जिला पंचायत अध्यक्ष ने देखे हालात

संवाददाता, बबेरू (बांदा)

- नायब तहसीलदार संग किया प्रभावित फसलों का निरीक्षण
- नुकसान की भरपाई को जल्द पूरा किया जाए सर्वे: सुनील

**अमृत विचार :** बारिश व ओलावृष्टि से क्षेत्रीय तकरीबन दो दर्जन गांवों की 50 फीसद से भी ज्यादा फसल चौपट हो गई है। आसमान पर काले बादल घिरने और बूंदाबांदी होने से खतरा अब भी मंडरा रहा है। हालांकि नायब तहसीलदार के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष लगातार प्रभावित गांवों का दौरा कर सर्वे करवा रहे हैं। सर्वे रिपोर्ट जल्द तैयार कर शासन को भेजने का निर्देश दिया गया है, ताकि ग्रामीणों के नुकसान की जल्द से जल्द भरपाई हो सके।


नायब तहसीलदार के साथ फसलें देखते जिला पंचायत अध्यक्ष। अमृत विचार

बुधवार को बारिश व ओलावृष्टि से गेहूं समेत सरसों, चना और अरहर की फसलें चौपट हो गईं। क्षेत्र के ग्राम काजी टोला, पिंडारण, औगासी, जलालपुर, बदौली, बाकल, शमसुद्दीनपुर, कलाना, करहुली, भभुआ समेत तकरीबन दो दर्जन गांवों में 50 फीसद से अधिक का नुकसान बताया जा रहा है। खतरा अब भी पूरी तरह से टला नहीं है, क्योंकि आसमान में बार-बार काले बादल घिर रहे हैं और हल्की आंधी के साथ बूंदा-बांदी भी हो रही है। नायब तहसीलदार मनोहर सिंह के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल टीम के साथ लगातार ओलावृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर सर्वे कर रहे हैं। इस दौरान किसानों ने उन्हें कुदरत की मार का दुखड़ा सुनाया। जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल ने दो दर्जन से अधिक गांव में हुई ओलावृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सर्वे का कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि किसानों की मदद हो सके। इस दौरान सोहन सिंह, वीरेंद्र सिंह, राजू सिंह, राजू वर्मा, पूर्व प्रधान ललित वर्मा, अंशु परमार, देवानंद द्विवेदी आदि रहे।

# उत्तर प्रदेश में खनन व मध्य प्रदेश में भंडारण

संवाददाता, नरैनी (बांदा)

- खनन करने का वीडियो सोशल मीडिया पर हो रहा वायरल

**अमृत विचार :** तहसील की लहुरेटा खदान में बालू खदान (उत्तर प्रदेश की सीमा) से बालू का अवैध रूप से खनन कर माफिया मध्य प्रदेश में ले जाकर डंप कर प्रदेश सरकार को लाखों रुपये के राजस्व का चूना लगा रहे हैं। इसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो जाने के कारण चर्चा का विषय बना हुआ है।

गौरतलब हो, कि तहसील क्षेत्र की लहुरेटा खदान उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश सीमा में संचालित है। बताया जा रहा है कि मध्य प्रदेश के बालू माफिया 8 लिफ्टर मशीनें लगाकर रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए उत्तर प्रदेश की सीमा पर नदी की बीच जलधारा से अवैध रूप से बालू निकालकर मध्य प्रदेश में डंप कर रहे हैं, जिससे प्रदेश सरकार को लाखों रुपये के राजस्व का चूना लग रहा है।

वायरल वीडियो में सब कुछ साफ नजर आ रहा है, हालांकि 'अमृत विचार' इसकी पुष्टि नहीं करता। इस संबंध में जानकारी प्राप्त करने को जब संवाददाता ने उप जिलाधिकारी विकास यादव से प्रशासन का पक्ष जानने को दूरभाष पर संपर्क करने का प्रयास किया तो फोन न उठने के कारण वार्ता संभव नहीं हो पाई।


यूपी की सीमा से बालू का खनन करते माफिया। अमृत विचार


श्रीकृष्णा आइडियल हायर सेकेंड्री स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण। अमृत विचार

# रिमझिम फुहार के बीच वसंती बयार

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- श्रीकृष्णा आइडियल हायर सेकेंडरी स्कूल में हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचार :** श्रीकृष्णा आइडियल हायर सेकेण्डरी स्कूल का वार्षिकोत्सव हल्की फुहार के बीच आयोजित हुआ। वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने वसंत गीत के साथ लोकगीत, देशभक्ति, कव्वाली और नृत्य प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय संस्थापक जेपी यादव को उनकी शैक्षिक गतिविधियों के उत्थान के लिए सराहा गया। विशिष्ट अतिथियों को अंगवस्त्र दे सम्मानित किया गया।

विद्यालय के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक नाटक, लोकगीत, वसंत गीत, नृत्य, कव्वाली, देशभक्ति गीत आदि प्रस्तुत की। सभी ने बच्चों के हुनर को सराहा और तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्द्धन किया। विद्यालय के प्रबंधक सौरभ यादव ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह और विशिष्ट अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। सभी उपस्थित जनों ने विद्यालय संस्थापक जेपी यादव के जीवन संघर्ष पर चर्चा की और उनकी शैक्षिक गतिविधियों के उत्थान के प्रयास को सराहा।



श्रवण कुमार का नाटक करते बच्चे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बबेरू विधायक विशम्भर यादव, व उप जिला अधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध राष्ट्रीय कवि डॉ.चंद्रिका प्रसाद दीक्षित ललित ने की। कार्यक्रम का शानदार संचालन प्रसिद्ध उद्घोषक शिक्षक डॉक्टर इंद्रवीर सिंह ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व चेयरमैन राजकुमार राज, समाजसेवी अमित सेठ भोलू, प्रसिद्ध समाज सुधारक गुलाबचंद कुशवाहा, जिला विद्यालय निरीक्षक विजयपाल, प्रसिद्ध उद्घोषक डॉ.शैलेद्र रंजन, कवि दीनदयाल सोनी, रामजी यादव, मनोज यादव, अमर सिंह यादव, सुनील दीक्षित, संजय काकोनिया, समाजसेवी डीआर यादव, राजकुमार गुप्ता राजू, गोपालचंद अवस्थी उपस्थित रहे।


छात्रा को मोबाइल फोन प्रदान करते सांसद आरके पटेल। अमृत विचार

# 79 छात्र-छात्राओं को मिले मोबाइल

**बबेरू (बांदा) :** क्षेत्र के गजपाल सिंह महाविद्यालय बड़ागांव में प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अंतर्गत गुरुवार को बीए तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरण किया गया।

गजपाल सिह महाविद्यालय में आयोजित स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद आरके पटेल, विशिष्ट अतिथि उपजिलाधिकारी नमन मेहता व ब्लॉक प्रमुख रमाकान्त पटेल ने 79 छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन का वितरण किया। बीए तृतीय वर्ष के नयन, महिमा, राजववती और गुड्डन समेत सभी छात्र-छात्राओं ने स्मार्ट फोन मिलने पर खुशी जाहिर की। इस मौके पर सांसद आरके सिंह पटेल कहा कि प्रदेश सरकार का यह कदम छात्र-छात्राओं के लिए अत्यंत हितकारी है।

संचालन प्राचार्य डॉ.प्रभात पटेल ने किया, जबकि प्रबन्धक जिला पंचायत सदस्य अरुण सिंह पटेल ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर भाजपा नेता अजय पटेल, अनूप सिंह, डॉ.धेनुपाल सिंह, रतीभान सिह, संजीव सिंह, सुतीक्षण पटेल व देशराज समेत तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

# 25 से चलेगा लाभार्थी संपर्क अभियान

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार :** सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में गांव-गांव, शहर-शहर लाभार्थी संपर्क अभियान चलाए जाने की रूपरेखा तैयार की जा रही है। जिसके संबंध में गुरुवार को बड़ोखर मंडल के मटौंध में लाभार्थी संपर्क कार्यशाला का आयोजन किया गया और लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से रूबरू कराया गया। बताया गया कि 25 फरवरी से लेकर 5 मार्च तक घर-घर लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया जाएगा और जन-जन तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा।


लाभार्थी को बर्तनों का सेट देते राज्यमंत्री रामकेश निषाद। अमृत विचार

- मटौंध में आयोजित हुई लाभार्थी संपर्क कार्यशाला

गुरुवार को मटौंध नगर पंचायत सभागार में आयोजित लाभार्थी संपर्क कार्यशाला को संबोधित करते जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। कहा कि डबल इंजन की सरकार में सभी वर्गों के लोगों को लाभांवित किया जा रहा है, जिससे समाज का स्तर पर ऊपर उठ रहा है और हर तबके के लोग समृद्धि की राह पर आगे बढ़ रहे हैं।

कार्यशाला के मुख्य वक्ता भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ.धर्मेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि भाजपा के तत्वावधान में आगामी 25 फरवरी से 5 मार्च तक घर-घर लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया जाना है। जिसमें संगठन के पदाधिकारी लाभार्थियों के घरों में जाकर उन्हें केंद्र और प्रदेश सरकार की लाभकारी योजनाओं की जानकारी देंगे और लाभार्थियों के साथ सेल्फी लेकर उसे सोशल मीडिया पर साझा करेंगे। साथ ही लाभार्थी के अनुभव भी साझा करने होंगे।

बताया कि केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का दायरा इतना विस्तृत है कि हर वर्ग के लोगों को योजनाओं का लाभ मिला है। ऐसे में सरकारी योजनाओं को लेकर आम जनता के अनुभव जानने के बाद आगामी लोकसभा चुनाव की रणनीति पर काम किया जाएगा।

डॉ.त्रिपाठी ने बताया कि सभी जनप्रतिनिधियों व भाजपा पदाधिकारियों को 40 लाभार्थी परिवारों से संपर्क स्थापित करना होगा। अध्यक्षता करते हुए मंडल अध्यक्ष श्यामबाबू पाल ने बताया कि एक मार्च से लेकर तीन मार्च तक विशेष संपर्क अभियान चलाया जाएगा, जिसमें क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। कार्यशाला का संचालन चंद्रभाल शुक्ला ने किया। कार्यशाला में मंडल प्रभारी बलराम सिंह, नगर पंचायत चेयरमैन सुधीर सिंह, धीरेन्द्र सिंह, ग्राम प्रधान अरुण कुशवाहा, धर्मेन्द्र सिंह, सौरभ तिवारी, नाना शुक्ला, सुरेश तोमर, शीतेन्द्र सिंह चौहान, शैलेन्द्र सिंह, बलदाऊ तिवारी, राहुल तिवारी, संजय सिंह, संतोष अनुरागी, राजीव शुक्ला, विवेक त्रिपाठी, शिवम द्विवेदी आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### सुखेंद्र और अभिलाष बने पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मंडल अध्यक्ष

**बांदा।** भाजपा जिलाध्यक्ष संजय सिंह की संतुति मिलने के बाद पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रेमनारायण पटेल ने पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मंडल अध्यक्षों के संशोधन के क्रम में तिन्दवारी व कमासिन मंडलों में बदलाव करते हुए नए मंडल अध्यक्षों की घोषणा की है। यह जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी आनंद स्वरूप द्विवेदी ने बताया कि पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रेमनारायण पटेल ने जनपद के दो मंडलों में बदलाव करते हुए तिंदवारी मंडल से अभिलाष गुप्ता (सभासद) तथा कमासिन मंडल से सुखेंद्र को पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष घोषित किया है। पार्टी ने दोनों नवनियुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मंडल अध्यक्षों से शीघ्र मंडल कार्यकारिणी घोषित करते हुए संगठन के कार्यों में जुटने को कहा है।


अभिलाष गुप्ता।


सुखेंद्र।

### भारतीय किसान यूनियन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**बदौसा।** उपजिलाधिकारी अतर्रा को ज्ञापन देकर किसान की ज़मीन से जबरन बालू निकालने की जाँच करा कर अबैध खनन रोकने की मांग भारतीय किसान यूनियन नें की है। कार्यवाही न होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी भी दी है। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष महेन्द्र त्रिपाठी नें आज उपजिलाधिकारी अतर्रा रावेन्द्र सिंह को ज्ञापन दे कर कहा कि महुटा के किसान दयाराम पुत्र बृजबिहारी के खेत नम्बर 2046 ख रक्बा 0 .380 हेक्टेयर में महुटा बालू खदान के ठेकेदार द्वारा जबरन अबैध खनन कराया जा रहा है। किसान नें कई बार अधिकारियों को अवगत करा कर उसकी जमीन में हो रहे अबैध बालू खनन को रोकने की मांग की गयी मगर अधिकारी बालू माफिया के अनैतिक दबाव में किसी भी कार्यवाही से परहेज़ कर रहे हैं। चेतावनी दी है कि अगर किसान को न्याय नहीं मिला तो भारतीय किसान यूनियन आर–पार की न्यायिक लड़ाई हेतु धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होगा।

# राष्ट्र को समृद्ध बनाने में महिलाओं की अहम भूमिका

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष और कुलपति ने स्टालों का किया निरीक्षण
- कृषि विश्वविद्यालय में एक दिवसीय महिला किसान मेला और गोष्ठी का आयोजन

**अमृत विचार :** कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) परिसर में आयोजित एक दिवसीय किसान मेला व गोष्ठी में विकसित राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की अहम भूमिका पर चर्चा की गई। कुलपति ने कहा कि आधी आबादी देश के विकास के क्षेत्रों में कार्य करें तो भारत में विकास दर दोगुनी हो सकती है। महिलाएं विकसित राष्ट्र निर्माण का मुख्य आधार हैं।


महिला को सम्मानित करतीं नगर पालिका अध्यक्ष मालती गुप्ता बासू। अमृत विचार

### सम्मानित की गईं प्रतियोगिता की विजेता महिलाएं

मेला में भागीदारी करने वाली ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं की रंगोली, मेंहदी, नृत्य व श्रीअन्न आधारित व्यंजन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। केवीके से जुड़ी आठ प्रगतिशील महिलाओं मैना देवी, सूरजकली निषाद, आरती सिंह, राजरानी, रामबाई, तान्या आहूजा, द्रोपदी श्रीवास, अनीता तिवारी को स्मृति चिन्ह देकर हौसला बढ़ाया गया। इस मौके पर केंद्र की महिला विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ .प्रज्ञा ओझा व डॉ .दीक्षा पटेल को महिला शक्तिकरण व उद्यमिता विकास कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

### महिलाओं को बताई मोटे अनाज की उपयोगिता

एक दिवसीय मेला में तकनीकी सत्र के दौरान रसोई वाटिका द्वारा खाद्य एवं पोषण सुरक्षा विषय पर डा .प्रज्ञा ओझा ने स्वयं सहायता समूह के गठन व उपयोगिता बताई। डॉ .दीक्षा पटेल ने महिलराओं को मोटे अनाज की उपयोगिता बताते हुए इसका महत्व बताया। कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ावा दे रही है। डॉ .सरिता देवी ने बाल्य सुरक्षा और डॉ .राजकुमारी व डॉ .अमृता ने खाद्य प्रसंस्करण व उद्यमिता विकास विषय पर महिलाओं को प्रशिक्षित किया। मेला में लगभग 350 महिलाओं ने भागीदारी की। कार्यक्रम को सफल बनाने में केंद्र के डा .मानवेन्द्र सिंह, अजीत निगम, कमल नारायण बाजपेयी, अंकिता निगम व धर्मेंद्र सिंह का विशेष योगदान रहा।

कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में गुरुवार को 'महिला सशक्तिकरणर, स्वावलंबी समाज का आधार' विषय पर महिला किसान मेला व गोष्ठी का उद्घाटन नगर पालिका परिषद चेयरमैन मालती गुप्ता बासू व कुलपति डॉ.एनपी सिंह ने दीप जलाकर किया। उद्घाटन के बाद मेला में सजाए गए कृषि संबंधी स्टालों का निरीक्षण किया। गोष्ठी में कुलपित ने महिला किसानों से विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय अंतर्गत संचालित ग्रामीण महिला कौशल एवं उद्यमिता विकास केंद्र गतिविधियों से जुड़ने का आह्वान किया। कहा कि देश की आधी आबादी घरेलू काम में व्यस्त रहती हैं।

अगर यही आबादी देश के विकास के क्षेत्रों में कार्य करे तो भारत की विकास दर दोगुनी हो सकती है। नगर पालिका चेयरमैन ने कहा कि राष्ट्र के विकसित होने में महिलाओं अहम योगदान होता है। एक सशक्त महिला ही पूरे राष्ट्र को मजबूत बना सकती है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिये केंद्र व प्रदेश सरकारों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के प्रति जागरूक होना होगा। मेला समन्यवक डॉ.प्रज्ञा ओझा ने कहा कि महिला किसान मेला का मुख्य उद्देश्य बुंदेलखंड की महिलाओं में कृषि संबंधी नई तकनीकी के प्रति जागरूकता पैदा करना और उनकी अभियुक्ति व प्रतिभा को निखारना है। बताया कि विश्वविद्यालय अंतर्गत संचालित सभी कृषि विज्ञान केंद्रों पर ऐसा मेला आयोजित होंगे। इस मौके पर डॉ.एनके वाजपेयी, डॉ.नरेंद्र सिंह, डॉ.आनंद सिंह, डॉ.निशी राय, डॉ.वंदना कुमारी, डॉ.प्रिया अवस्थी, डॉ.वैशाली गंगवार आदि उपस्थित रहीं। कृषि विज्ञान केंद्र अध्यक्ष डॉ.श्याम सिंह ने सभी का आभार जताया।

# ट्रैक्टर पलटने से तीन लोग घायल

**बांदा।** बांदा से बुधवार की शाम ट्रैक्टर गिट्टी सरियां लादकर महोखर गांव जा रहा था, तभी बरगाहनी गांव के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर आनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें सवार धर्मेंद्र (21) पुत्र बालकरन निवासी कनवारा, लल्लू (45) पुत्र भगवानदीन निवासी गुरेह, कमलेश (30) पुत्र मेवालाल निवासी गुरेह घायल हो गए। ग्रामीणों ने सभी को निकालकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक अन्य हादसे में पैलानी थाना क्षेत्र के खप्टिहाकलां अर्जुन सिंह (45) गुरुवार को बाइक से आ रहा था, तभी बाइक बैलगाड़ी से टकरा गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

**टिप्स दिए** 21 दिवसीय स्किल्ड बर्थ अटेंडेंट प्रशिक्षण का समापन, प्रसव के दौरान आने वाली जटिलताओं के उपाय बताए

# मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी लाने को दिया प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार :** मातृ-शिशु मृत्यु दर पर लगाम लगाए जाने और संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए गुरुवार को जिला महिला अस्पताल में आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन हो गया। कार्यशाला में प्रसव की जटिलता और समस्याओं के निस्तारण की विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। जिला महिला चिकित्सालय की मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका ने प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।


प्रशिक्षण लेने को आईं स्टाफ नर्स। अमृत विचार

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया स्किल्ड बर्थ अटेंडेंट (एसबीए) प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रसव पूर्व, प्रसव के दौरान और प्रसव की प्रक्रिया को सुरक्षित बनाना है। प्रसव के दौरान किसी भी जटिलता की स्थिति में आकस्मिक चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था करना व आवश्यकतानुसार सन्दर्भन करना है, ताकि गुणवत्तापरक प्रसव सेवाएं प्रदान की जा सकें।

जिला महिला अस्पताल में 21 दिवसीय स्किल्ड बर्थ अटेंडेंट ट्रेनिंग के समापन पर चिकित्सा अधिकारी डॉ.पीके पांडेय ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मातृ-शिशु मृत्यु दर रोकने और संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने में स्टाफ नर्स व एएनएम की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने बताया कि जनपद में 8वां बैच को पूर्ण किए जाने के लिए राज्य स्तर से निर्देश प्राप्त हुए थे, जिसे पूर्ण कर लिया गया है।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक कुशल यादव और जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता अमन गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षण में स्टाफ नर्स को एनिमिक गर्भवती को एनिमिया से बचाव, प्रसव के दौरान पीपीएच प्रबंधन, एंक्लैप्सिया (बीपी हाई होने की वजह से प्रसव से पहले, प्रसव के दौरान, प्रसव बाद गर्भवती को दौरे आना), स्तनपान, कंगारू मदर केयर, प्रसव बाद देखभाल, प्रसव पूर्व परीक्षण, प्रसव पूर्व रक्तस्राव आदि की जानकारी दी।

इस मौके पर प्रसव में आने वाली जटिलता के भौतिक व मौखिक दोनों प्रशिक्षण दिए गए। जिला मातृ स्वास्थ्य सलाहकार अमन गुप्ता व स्टाफ नर्स कामनी व शुभ्रा ने प्रतिभागी स्टाफ नर्स को एएनसी जांच, सामान्य प्रसव, आवश्यक नवजात शिशु देखभाल, संक्रमण की रोकथाम, बायोमेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन, पीपीई किट पहनने के सही तरीके को रोल प्ले के माध्यम से समझाकर प्रशिक्षित किया। इस अवसर पर जिला महिला अस्पताल की सीएमएस डॉ.सुनीता सिंह, जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता अमन गुप्ता, मास्टर ट्रेनर डॉ.पीके पांडेय, स्टाफ नर्स आदि मौजूद रहे। समापन पर प्रशिक्षुओं को मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका जिला महिला चिकित्सालय डॉ.सुनीता सिंह ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किया।

# नाले में मिले शव की हुई शिनाख्त

**बांदा :** इंदिरा नगर पावर हाउस के समीप नाले में बुधवार की दोपहर मिले युवक की शिनाख्त हो गई है।

पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने शव की शिनाख्त उदयभान सिंह उर्फ राजाबाबू (45) पुत्र रामसुहावन निवासी जारी थाना देहात कोतवाली के रूप में की गई। शव देखते ही घर वालों में कोहराम मच गया। मृतक के भाई कुलदीप ने बताया कि राजाबाबू अपनी ससुराल अतर्रा में रहता था। शुक्रवार की शाम की दोपहर वह घर से बिना बताए चला गया। देर शाम तक जव वह घर नहीं पहुंचा तो घर वालों ने उसकी खोजबीन बीन किया, लेकिन उसका कुछ पता नही चला। अगले दिन घर वालों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। बुधवार को उसका शव बरामद किया गया। भाई कुलदीप का कहना है कि वह नशे का आदी था। नशे में ही नाले में गिर पड़ा।

# गंगा ने कल्लू को पछाड़ लगा जीती ईनामी कुश्ती

संवाददाता, बदौसा

**अमृत विचार :** गुंगा पहलवान बनारस नें कल्लू गोरखपुर पछाड़ कर पांच हज़ार की इनामी कुश्ती अपने नाम किया। दो दर्जन से अधिक पहलवानों के दांव पेच के बीच दंगल सम्पन्न हुआ। रेफरी उदय पहलवान, कमेंन्ट्री ननकाई यादव नें किया।

बुधवार को थाना क्षेत्र के मढवारा गांव में शरीक खान प्रधान बनई के विराट दंगल में दो दर्जन से भी अधिक पहलवानों नें अपने दांव पेंच दिखाये। कहते हैं कि बच्चों में भगवान होते हैं दंगल की शुरुआत बाल कुस्ती अनुज मढवारा व छोटू मऊ के बीच मुकाबले से हुई। राजा टिटिहा व बिजय बडोखर, कुंज बिहारी मऊ व शंकर मर्का, मोहन व राजा के बीच कुश्ती में मोहन नें राजा को पराजित किया। फतेहपुर के विनोद पहलवान और मुन्ना पहलवान मऊ टिटिहरा, राममिलन मऊ व गुड्डा बबेरू, राजेश मानिकपुर व दिलीप मऊ टिटिहा, ओमकार मऊ ने पूरन पहलवान महोबा को चारो खाने चित्त कर दिया। पांच हजार की इनामी कुस्ती गुंगा पहलवान बनारस व कल्लू गोरखपुर की कुस्ती में दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच गुंगा पहलवान नें कल्लू को अखाड़ा में घोड़ पछाड़ पेंच लगा कर चित्त कर पांच हज़ार का इनाम जीत लिया। दंगल कमेंटी में पूर्व प्रधान चन्दौर छत्रपाल यादव, आरिफ खान, राजेन्द्र कुशवाहा, रामपाल कुशवाहा, भगवानदीन रैकवार , राजबहादुर यादव, भगवानदीन यादव, रामहित वर्मा, नबीब खां, सफीक खॉ, सीमा बानों प्रधान मढवारा, शरीफ खान मौजूद रहे।

# ट्रक ने छात्र को कुचला, चक्काजाम

**शव रखकर ग्रामीणों ने झांसी- मिर्जापुर हाईवे पर लगाया जाम, केंद्र व्यवस्था पर आरोप**

**उपजिलाधिकारी सदर के कार्रवाई के आश्वासन देने के बाद ग्रामीणों ने खोला जाम**

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** झांसी- मिर्जापुर हाईवे पर स्थित मानव कल्याण सेवा समिति इंटर कालेज नाहदौरा परीक्षा केंद्र में हाईस्कूल की परीक्षा देने गए छात्र को ट्रक ने कुचल दिया। इससे उसकी घटना स्थल पर मौत हो गई। मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। घटना से गुस्साए परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर हाईवे जाम कर दिया। डेढ़ घंटे तक जाम लगा रहने पर मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी और सीओ सदर ने मामले की जांच कराकर दोषीजनों पर कार्रवाई कराए जाने का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



ग्रामीणों ने हाईवे पर लगाया जाम। अमृत विचार

थाना खन्ना के ग्राम कुलकुआं निवासी हिमांशु (16) पुत्र नरेश गुरुवार को हाईस्कूल की परीक्षा देने मानव कल्याण सेवा समिति इंटर कालेज नाहदौरा गया हुआ था, परीक्षा के समय गेट पर चल रही चेकिंग दौरान ड्यूटी पर तैनात शिक्षकों ने हाथ में पहने घड़ी को उतार कर आने को कहा, तभी छात्र हाईवे पार करके एक दुकान में घड़ी रखकर लौट रहा था, तभी तेज रफ्तार आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन सहित भाग गया। बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। गुस्साए लोगों झांसी - मिर्जापुर हाईवे पर जाम लगा दिया, जिससे महोबा से बांदा, चित्रकूट, प्रयागराज आदि आने जाने वाले तमाम वाहन जाम में फंस गए। परिजन विद्यालय प्रबंधन और चेकिंग में लगे शिक्षकों को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। आरोप लगाया कि विद्यालय प्रबंधन ने परीक्षार्थियों का सामान रखने का कोई इंतजाम नहीं किया। जिससे परीक्षार्थी हाईवे में बनी दुकानों और मकानों में इधर- उधर भाग कर अपना सामान रखते हैं, जिसके चलते यह हादसा हो गया, यदि विद्यालय प्रबंधन ने विद्यालय के समीप सामान रखने की व्यवस्था की होती तो यह हादसा टल सकता था। जाम की सूचना मिलने पर पुलिस फोर्स के साथ एसडीएम सदर जितेंद्र कुमार ने परिजनों को मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। डेढ़ घंटे बाद जाम खुलने के बाद आवागमन बहाल हो सका।



मृतक हिमांशु।

### सामान रखने की केंद्र के पास व्यवस्था नहीं

विद्यालय प्रबंधन द्वारा परीक्षार्थियों की सामग्री रखने के लिए कोई व्यवस्था न किए जाने से परीक्षार्थी इधर उधर भटकते रहते हैं। यदि परीक्षार्थियों के सामान रखने की व्यवस्था की गई होती तो परीक्षार्थी की जान न जाती। मृतक के चाचा मनोज कुमार ने आरोप लगाया कि कक्ष निरीक्षकों द्वारा न तो चेकिंग के दौरान घड़ी अपने पास रखी गई और न ही कोई व्यवस्था की गई। इससे परीक्षार्थी सामान रखने के लिए एक दुकान से दूसरी दुकान पर भटकता रहा, बमुश्किल एक दुकान सामान रखने के लिए तैयार हुआ, इसके बाद परीक्षार्थी जल्दबाजी में परीक्षा केंद्र की तरफ आ रहा था तभी ट्रक ने कुचल दिया। छात्र दो भाई थे, मृतक हिमांशु बड़ा भाई था।

### परिजनों में मचा कोहराम, लोग भी रोये

घटनास्थल पर आए परिजनों में कोहराम मच गया है। उन्हें रोता हुआ देख ग्रामीणों की आंखें भी नम हो गईं। जब परिजनों ने स्कूल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया तो लोग स्वत: ही सड़क जाम करने के लिए तैयार हो गए । जाम भी लगाया। हर कोई जवान बेटे की मौत से दुखी दिखा और मुआवजे की मांग की।

# परीक्षा देने जा रहे भाई स्कूटी से गिरे, एक जख्मी

संवाददाता जैतपुर, महोबा

- **दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत से तीन लोग घायल**

**अमृत विचार।** तहसील कुलपहाड़ के ग्राम भरवारा निवासी दो सगे भाई स्कूटी पर सवार होकर यूपी बोर्ड परीक्षा देने के लिए जैतपुर के जीआईसी जा रहे थे। तभी स्कूटी चालक का संतुलन बिगड़ गया, जिससे स्कूटी सवार दोनों भाई गिरकर घायल हो गए, दोनों घायलों को ग्रामीणों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। उधर ग्राम शाहपहाड़ी के पास दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत होने से तीन लोग घायल हो गए। घायलों को ग्रामीणों की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

पनवाड़ी थाना क्षेत्र के भरवारा गांव निवासी दो सगे भाई आरिफ व शाहरुख पुत्रगण मोहम्मद शकील अपनी स्कूटी से सुबह जैतपुर के राजकीय इंटर कॉलेज में हाई स्कूल का हिन्दी का पेपर देने के लिए जा रहे थे। कुलपहाड़ जैतपुर रोड पर तहसील के पास अचानक अन्नापशु निकलने लगा। इससे स्कूटी का संतुलन बिगड़ गया और दोनों भाई सड़क पर गिर घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर आरिफ को ज्यादा चोटें आने पर भर्ती किया गया। उसका भाई शाहरुख मामूली रूप से जख्मी हुआ। उधर शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शाहपहाड़ी के समीप दो बाइकों की आमने- सामने भिड़ जाने से उसमें सवार तीन लोग घायल हो गए, जिन्हें ग्रामीणों की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। छतरपुर के ग्राम चितहरी निवासी राजदीप अपने साथी निशांत के साथ बाइक पर सवार होकर महोबा आ रहा था। शाहपहाड़ी गांव के समीप प्रभात की बाइक से टक्कर हो गई। तीनों लोग घायल हो गए।



सड़क पर लेटे छात्र को अस्पताल ले जाते राहगीर। अमृत विचार



परीक्षा केंद्र के बाहर कक्ष की लिस्ट देखते छात्र व परीक्षा केंद्र से निकलते परीक्षार्थी।

# 979 परीक्षार्थियों ने छोड़ी बोर्ड की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं गुरुवार से शुरू हुईं। पहले दिन एक भी नकलची पकड़ा नहीं गया। कड़ाई के चलते हाईस्कूल के 12205 पंजीकृत परीक्षार्थियों से 630 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी। इसमें 396 बालक और 234 बालिकाएं शामिल हैं। जबकि इंटरमीडिएट के पंजीकृत 9645 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 349 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी है।

हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की चल रही बोर्ड परीक्षा में पहले दिन बड़े पैमाने में छात्र छात्राओं ने परीक्षा छोड़ी। पहली पाली में सुबह 8.30 बजे से 11.45 बजे तक संपन्न हुई हाईस्कूल की परीक्षा में परीक्षार्थियों ने हिन्दी की परीक्षा दी। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की 2 बजे से 5 बजे तक हिन्दी पेपर की परीक्षा दी। परीक्षा दौरान कक्षों में कक्ष निरीक्षकों के घूमने से कोई भी परीक्षार्थी नकल करने का साहस नहीं जुटा सका। सुबह की पाली में ही गेट पर और कक्ष के दरबाजे पर कड़ी चेकिंग देख नकलची परीक्षा देने का साहस नहीं जुटा सके, जिसके चलते पहले दिन की परीक्षाओं में 979 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।

### 3 जोनल, 9 सेक्टर, 32 स्टेटिक मजिस्ट्रेट बनाए

जिला प्रशासन तीन उपजिलाधिकारियों को जोनल मजिस्ट्रेट और 9 सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाए गए। 32 परीक्षा केंद्रों की निगरानी के लिए 32 स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए। जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों के परीक्षा केंद्रों पर भ्रमण किए जाने से परीक्षार्थी नकल करना तो दूर इधर- उधर भी नहीं देख सके। इसके अलावा चार उड़न दस्ता भी बनाए गए, जो एक के बाद एक परीक्षा केंद्रों में जाकर नकलचियों को पकड़े की फिराक में लगे रहे, लेकिन उन्हें कोई भी नकलची नहीं मिला। स्टेटिक, जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट लगातार छापेमारी कर रहे हैं।

# बच्चे ने किया हिब्ज-ए-कुरान, सम्मानित

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** दारुल उलूम मदरसा अरबिया हनफिया पुलिस चौकी महोबा में उर्दू अरबी की वार्षिक परीक्षा के सम्पन्न होने के बाद घोषित किए गया। इसमें एक 14 साल के बालक ने तीस पारों का पूरा कुरान याद कर लिया। इतनी कम उम्र में हिब्ज करने वाले इस बच्चे ने मदरसे में सबसे ज्यादा 93 प्रतिशत अंक पाकर मदरसे में टॉप किया। छात्र की कामयाबी पर मदरसा कमेटी की तरफ से उसे पगड़ी बांधकर और कपड़े व उपहार देखकर सम्मानित किया गया।

जनपद हरदोई के मल्लावा कस्बा निवासी अमीर हमजा दस साल की उम्र में अपने परिवार को छोड़कर अकेला उर्दू अरबी की तालीम सीखने के लिए महोबा में आया था।



छात्र को सम्मानित करती मदरसा कमेटी। अमृत विचार

- **मदरसा कमेटी द्वारा छात्र को पगड़ी पहनाकर किया गया सम्मानित**

जहां पर उसने दारुल उलूम मदरसा अरबिया हनफिया पुलिस चौकी में दाखिला लेकर उर्दू अरबी की तालीम लेना शुरू की और चार साल में पूरा कुरान याद कर लिया। हिब्ज पूरा होने के बाद गुरुवार को मदरसा कमेटी ने उसे सम्मानित कर अपने घर के लिए रवाना किया। मदरसे के कारी और हाफिज सलीम साहब ने बताया कि इसे जितना सबक दिया जाता था अगले दिन पूरा याद करके सुनाता था। ही वजह है कि चार साल में उसने पूरा कुरान याद कर लिया। सम्मानित करते समय हाफिज अकबर, मुबीन खान सहित तमाम शिक्षक शामिल थे।

## सरकारी बोर में लगा दिया सबमर्सिबल

**महोबा।** कबरई के मोहल्ला आजाद नगर में घर के पास नगर पंचायत द्वारा मोहल्ले वासियों की पेयजल समस्या को देखते हुए सरकारी रोड पर बोर कराया गया था। उक्त बोर पर दबंगों द्वारा सबमर्सिबल पंप डालकर कब्जा कर लिया गया। साथ ही उक्त रोड पर भी अतिक्रमण किया जा रहा है। मोहल्ला निवासी किरन तिवारी सहित अन्य लोगों ने उपजिलाधिकारी को तहरीर देकर दबंग द्वारा किए गए कब्जों को हटवाए जाने की मांग की है। एसडीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया कि दबंग द्वारा सरकारी बोर पर सबमर्सिबल पंप डालकर कब्जा किए जाने से मोहल्ले वासियों को सरकार द्वारा की गई पेयजल व्यवस्था का लाभ नहीं मिल रहा है। रोड पर अतिक्रमण हटना चाहिए।

# बिजली के लटकते तारों से हादसे का डर

**लापरवाही**

कार्यालय संवाददाता महोबा

- **तारों की जद में आने से बाइक सवार गिरकर घायल**

**अमृत विचार।** शहर के वार्ड नंबर-1 में आने वाला मोहल्ला नयापुरा नैकाना के बिजली उपभोक्ताओं को विभाग द्वारा कनेक्शन तो दे दिए गए, लेकिन लगता है घरों तक पहुंचने वाली बिजली लाइनों के बीच में पोल लगाना भूल गए हैं। इससे विद्युत तार बीच रोड के नीचे लटकर रहे हैं, जो लोगों के लिए खतरे की घंटी हैं। तार इतने नीचे लटक रहे हैं कि पैदल चलते मोहल्लेवासियों, राहगीरों के सिर पर लग जाते हैं। इससे कभी भी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है। मोहल्ले वासियों विभाग से पोल लगवाए जाने की कई बार मांग की, लेकिन आज तक इस समस्या का समाधान नहीं हो सका।



बीच सड़क पर लटकते विद्युत तार।

नगर के मोहल्ला नयापुरा नैकाना विभाग द्वारा मन खं

खंबों मोहल्लेवासियों को विद्युत कनेक्शन तो दे दिए गए। मेन खम्भे से लोगों के घर तक की दूरी अधिक होने के बाद भी बीच में खम्भे नहीं लगवाए गए। इस कारण मोहाल्लावासी ने सभी तारों को एकत्रित कर अपने- अपने छतों की कुन्दों के सहारे लटका कर छोड़ दिए हैं। जरा सी हवा चलने पर आए दिन तार नीचे गिर बीच सड़क पर लटक जाते हैं और तार जमीन को छूने लगते हैं।

विद्युत तारों में कई स्थानों पर कट होने के कारण यहां आने जाने वाले लोगों व जानवरों को जान का खतरा बना रहता है। आए दिन तारों के नीचे आ जाने के कारण यहां के बाशिंदों को बड़ी ही सर्तकता के साथ यहां से निकलना पड़ता है। साथ ही जरा सी बारिश में लोगों के घरों में करंट उतर आता है। इससे उनके घरों के कई उपकरण भी फुंक चुके हैं। अजय, अमन, अमित, पुष्पेंद्र, नीरज, छोटू, बारिस, संजय सहित एक दर्जन मोहल्ले वासियों का कहना है कि गुरुवार को तेज हवा और बारिश के चलते तारों का गुच्छा नीचे आ गया और बाइक सवार राजू इन तारों की जद में आकर गिर गया और घायल हो गया, गनीमत थी कि उस वक्त लाइट नहीं आ रही थी, बरना कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। उन्होंने कहा कि विद्युत तारों के लटकने के कारण वह अपने- अपने बच्चों को बाहर खेलने के लिए भी कम पहुंचाते हैं। बताया कि तारों में कई जगह पर कट है। इससे करंट लगने का भय बना रहता है। बरसात के मौसम में हालात और भी भयाभह हो जाते है। बरसात में तारों में जगह- जगह कट होने के कारण घरों में करंट दौड़ने लगता है। इससे जानमाल का भय बना रहता है। लोगों ने जल्द से जल्द विद्युत पोल लगवाये जाने की मांग की है।

# विष्णु महायज्ञ: शोभायात्रा निकाल बांटे हल्दी-चावल

कार्यालय संवाददाता महोबा

- **विवाह उत्सव व विष्णु महायज्ञ का किया जा रहा आयोजन**

**अमृत विचार।** 151 सामूहिक कन्या विवाह उत्सव व विष्णु महायज्ञ महोत्सव का आयोजन किया गया। इसके तहत महोबा शहर में मात्र शक्तियों द्वारा आमजन को हल्दी चावल देकर बागेश्वर धाम जाने के लिए आमंत्रित किया। वहीं शहर वासियों सहित तमाम लोगों को बेटियों के हाथ पीले करने के लिए प्रेरित किया। यात्रा के दौरान सबसे आगे डीजे धार्मिक गीतों बजाते हुए चल रहा था। महिलाएं आगे- आगे चल रही थीं, उनके पीछे पुरुष भजन करते हुए चल रहे थे। यात्रा डाकबंगला मैदान से शुरू हुई जो पुराने प्राइवेट बस स्टैंड, तहसील चैराहा, सराफा चौराहा, ऊदल चौक, जीजीआईसी, आल्हा चौक सहित मुख्य मार्गों से होती हुई पुनः डाकबंगला मैदान के पास समाप्त हुई। यात्रा दौरान महिलाएं डीजे में बज रहे धार्मिक गीत गुनगुनाती हुई चल रही थी।

शहर में निकाली गई यात्रा के जरिए बागेश्वर धाम जाने के लिए लोगों को हल्दी और चावल देकर आमंत्रित भी किया गया। इस मौके पर नीरज रावत, जितेंद्र शुक्ला, मयंक तिवारी, सुमित तिवारी, आकाश गोस्वामी, विवेक मिश्रा, निधि रावत, उमा गजया, प्रश्रा, छाया, दीपाली तिवारी, प्रियंका सहित तमाम लोग शामिल रहे। बागेश्वर धाम में 1 मार्च 8 मर्च तक विष्णु महायज्ञ के अलावा अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंग, इसमें तीन दिन तक मशहूर कवि विजय विश्वास अपनी कविताओं से लोगों का मनोरंजन कराएंगे।



यात्रा शामिल महिलाएं व पुरुष। अमृत विचार

# शब-ए-बरात पर्व पर कब्रगाहों की सफाई कर किया चमाचम

संवाददाता कार्यालय, महोबा

- **कब्रगाहों में लोग एक सप्ताह से कर रहे सफाई**

**अमृत विचार।** शब-ए-बरात पर्व को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोग अपनी- अपनी कब्रगाहों की साफ सफाई करने में जुटे हुए हैं। तमाम लोगों ने कब्रगाहों में उगी घास, पेड़ पौधे, झाड़ को फावड़े, खुरपी, कुल्हाड़ी से साफ सफाई करके कब्रगाहों को चमाचम कर दिया है। अपने बुजुर्गों की जमींदोज हो चुकी कब्रिस्तानों पर मिट्टी डालकर उन्हें कब्र का रूप दिया गया। एक सप्ताह से कब्रगाहों की सफाई में लोग परिवार के साथ जुटे हुए हैं।

शब-ए-बरात त्योहार से पहले हर साल मुस्लिम समुदाय के लोग अपनी- अपनी कब्रगाहों में जाकर साफ सफाई करते हैं। कब्रगाहों पर फूल अर्पित करते हैं और अगरबत्ती जलाते हैं। इससे उनकी रूहों को सूकून मिलता है। कब्रिस्तानों की साफ सफाई करने की परम्परा वर्षों से चली आ रही है। पहले उनके पूर्वज साफ सफाई करते थे, अब उनके परिवार के लोग नाती, पोते कब्रगाहों में साफ करते हैं, जिसके चलते लोग प्रतिदिन सुबह फावड़ा, गेंथी, कुदाली, खुरपी और कुल्हाड़ी लेकर पहुंचकर सफाई अभियान में जुट जाते हैं।

कब्रगाहों में अलग अलग परिवार के लोगों के झुंड कें झुंड सफाई करते दिखाई देते हैं। कब्रगाहों में अच्छी खासी भीड़ होने के कारण परिवार के लोगों का भी मन लगा रहता है। पानी का भी बेहतर इंतजाम किया जाता है। लोग शबे बरात पर्व के मौके पर परिवार के साथ पहुंचते हैं और साफ सफाई करके फातिहा पढ़ते हैं। शबे बरात पर्व के एक दिन पहले घरों की साफ सफाई हुई।

**खुशखबरी** | **जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण समिति की बैठक में डीएम ने दिए आदेश**

# कमलापुरा में बनेगी प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन यूनिट

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण समिति की बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने नए व्यक्तिगत शौचालय के निर्माण का कार्य कराने के लिए कहा। ग्राम पंचायत में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत कराए गए कार्य के पर्यवेक्षण के लिए नामित नोडल अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा की। विकासखंड जैतपुर की ग्राम पंचायत कमालपुरा में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन यूनिट स्थापित किए जाने निर्देश दिए ।

डीएम ने कहा कि अभियान का उद्देश्य सड़कों और कार्यालयों को गंदगी और कचरे से साफ रखना है। अभियान का एक मुख्य उद्देश्य भारत को खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) बनाना है। इस अभियान का लक्ष्य कठोर मीडिया अभियानों के माध्यम से स्वच्छता के बारे में सार्वजनिक जागरुकता बढ़ाना और ग्रामीण, शहरी घरों में घर-घर कचरा संग्रहण स्थापित करना है। साथ ही इसका सुरक्षित निपटान सुनिश्चित करना है। ताकि चारो तरफ से समूचा जिला साफ सुथरा दिखाई दे।



बैठक में बोलते जिलाधिकारी। अमृत विचार

- **सड़कों के किनारे कूड़ा न दिखे यह ध्यान रखें**

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाए गए नोडल अधिकारियों को सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की जरुरत है। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, ग्राम प्रधान मवई खुर्द, ग्राम प्रधान काशीपुरा, ग्राम प्रधान सुगिरा, समस्त खंड विकास अधिकारी, जिला समन्वयक आदि अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# बिहार रोड का फाटक हटेगा, बनेगा अंडरपास

संवाददाता,जैतपुर महोबा

- **घंटों ट्रेन आने के इंतजार में अब नहीं खड़ा रहना पड़ेगा**

**अमृत विचार।** बेलाताल झांसी रेलवे ट्रैक पर बिहार रोड क्रासिंग बंद होगी। वहां अंडरपास बनेगा। अंडरपास बनने के बाद वहां ट्रेनों के आवागमन के दौरान फाटक का इंतजार करने की समस्या खत्म हो जाएगी। गुरुवार को रेलवे के सीनियर डिवीजन झांसी के टेक्निकल इंजीनियर श्रीकांत गुप्ता ने टीम के साथ मौके का निरीक्षण किया। वहां फाटक बंद होने के कारण इंतजार कर रहे ग्रामीणों को बताया कि उनकी समस्या खत्म होगी क्योंकि यहां अंडरपास बनेगा।

इंजीनियर श्रीकांत गुप्ता ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत थी कि रेलगाड़ी आने के इंतजार में रेल फाटक काफी समय तक बंद रहता है। इससे ग्रामीण अपने जरूरी कार्य समय पर नहीं कर पाते हैं। गंभीर मरीजों को लेकर एंबुलेंस भी खड़ी रहती है। कई बार तो रोगियों की मौत हो जाती है।

गाड़ी के इंतजार में घंटों बंद रहता है। इस समस्या के समाधान के लिए ही अब वहां अंडरपास बनेगा। इससे किसी को असुविधा ना हो। श्रीकांत गुप्ता ने ग्राम के प्रधान व अन्य जनप्रतिनिधियों को रेलवे स्टेशन बुलाया। सभी से सुझाव भी मांगे। कुछ प्रबुद्ध नागरिकों ने अंडरब्रिज में जल भराव की समस्या पैदा न हो। आवागम बना रहे।

## सार-संक्षेप

### तमंचा सहित युवक को पुलिस ने पकड़ा

**महोबा।** अवैध शस्त्रों पर पूरी तरह अंकुश लगाए जाने के लिए एसपी के निर्देश पर पुलिस सघन अभियान चला रही है। इस क्रम में चरखारी पुलिस टीम के उपनिरीक्षक विनोद कुमारसिंह, हेड कांस्टेबिल देवीशरण, राजकुमार ने मुखबिर की सूचना पर विजय (22) पुत्र प्रकाश निवासी नई बस्ती सिकंदरपुरा थाना राठ को ग्राम इमलियाडांग चरखारी से 315 बोर तमंचा और कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के खिलाफ 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेशी के लिए भेज दिया है।

### युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, अचेत

**महोबा।** कस्बा चरखारी के मोहल्ला रुपनगर निवासी देवीदीन का 22 वर्षीय पुत्र मनोज कुमार ने किसी बात से क्षुब्ध होकर अपने कमरे में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जहर का असर होते ही वह जमीन पर गिर गया। आवाज सुन परिजन वहां पहुंचे और मनोज को अचेत अवस्था में पड़ा देख आनन फानन में सीएचसी चरखारी ले गए, जहां पर डाक्टरों ने उसका परीक्षण कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### 24 व 25 को खेला जाएगा क्रिकेट मैच

**कुलपहाड़, महोबा ।** दो दिवसीय क्रिकेट खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें विभिन्न विभाग के चिकित्सक, अधिवक्ता, शिक्षक, बैंक कर्मचारी व तहसील और प्रशासन की टीमें प्रतिभाग करेंगी। नगर के बेलाताल रोड पर एसके महाविद्यालय क्रिकेट ग्राउंड में 24 व 25 फरवरी 2024 को दो दिवसीय 'इम्लाइज प्रीमियर लीग, क्रिकेट खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. सनत राजपूत ने बताया कि दो दिवसीय क्रिकेट खेल प्रतियोगिता में चिकित्सकों, अधिवक्ताओं, शिक्षकों, बैंक कर्मचारियों एवं तहसील और प्रशासन के मध्य मैच खेले जाएंगे।

## एक नजर

### महिला की तहरीर पर मारपीट की रिपोर्ट

**मौदहा (हमीरपुर)।** परछछ गांव के युवक ने शराब पीकर महिला के साथ गाली गलौज कर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली में मामला दर्ज कराया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परछछ निवासी सजनी पत्नी बृजगोपाल ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि गांव के राजू ने शराब पीकर उसके साथ मारपीट और गाली गलौज की। जिससे उसके गंभीर चोटें आईं हैं। साथ ही आरोपी शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बंदूक के साथ एक गिरफ्तार

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे में किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में अंडर पासिंग ब्रिज के निकट से एक बाहरी जनपद के युवक को पुलिस ने अवैध बंदूक के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान अरतरा रेलवे क्रासिंग पर बने अंडर पासिंग ब्रिज से महोबा जनपद के पहाड़ी निवासी मनमोहन अवस्थी को एक अवैध बंदूक 315 बोर और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा गया है।

# युवती की हत्या में चचेरे भाई समेत तीन को मिली उम्रकैद

## जमीन हड़पने को लेकर घटना को दिया था अंजाम

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- कुरारा थाना के करियापुर गांव में हुई थी घटना

**अमृत विचार।** थाना कुरारा के करियापुर गांव में तीन वर्ष पूर्व युवती की हत्या कर शव काटकर बोरवेल में डालने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश अदालत ने मृतका के चचेरे भाई व दो परिवारीजनों को दोषी करार दिया है। दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जमीन की इकलौती वारिस होने की वजह से उसकी जमीन हड़पने को घटना को अंजाम दिया गया था।



शासकीय अधिवक्ता चंद्रप्रकाश गोस्वामी।

जिला सहायक शासकीय अधिवक्ता चंद्रप्रकाश गोस्वामी ने बताया कि 16 फरवरी 2021 को कुरारा थाने के करियापुर गांव निवासी रामकुमारी पत्नी स्व. रघुवीर ने थाने में तहरीर दी थी। तब बताया कि अभियुक्त शैलेंद्र यादव, मुलायम व रणधीर उसके जेठ हैं। जबकि मुलायम चचेरा जेठ है। बेटी नेहा को अपने जेठ व परिवारजनों के भरोसे छोड़ पिता को लकवा मारने पर देखने मायके गई थी। जहां बेटी के भाग जाने की सूचना शैलेंद्र ने दी थी, जब गांव आई तो परिजनों ने बताया कि नेहा घर से किसी के साथ चली गई है। इसके बाद उसकी खोजबीन की। फिर शैलेंद्र के कहने पर गांव निवासी कपूर के खिलाफ पुत्री को भगा ले जाने की तहरीर दी। बाद में भतीजा व परिवार के लोग उसे व पुलिस को बरगलाते रहे। वहीं, पुलिस की गहन विवेचना में वादी के भतीजे शैलेंद्र यादव व पारिवारिक मुलायम व रणधीर यादव द्वारा हत्या की बात सामने आई।

पुलिस की कड़ाई से पूछताछ में उन्होंने चूहा मार दवा खिलाकर नेहा को बेहोश कर कुल्हाड़ी से काटकर शव को खेत में बने बोरवेल में डालने की बात कबूली। इस पर पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद बोरवेल से शव बरामद किया। साथ ही आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट न्यायालय में दाखिल की। इस पर सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर चार स्वाति ने तीनों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक पर 40-40 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जिसमें जुर्माने की आधी धनराशि पीड़ित पक्ष को मिलेगी।

## रिश्ता तुड़वाने के शक में चाचा ने भतीजे को पीटा

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली के बिलरख गांव में रिश्ता तुड़वाने के शक में चाचा ने अपने भतीजे को लाठी से जमकर मारा-पीटा। घायल युवक को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। पीड़ित ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराया है।

बिलरख गांव निवासी जीतेंद्र पुत्र कृपाल ने बताया कि बुधवार की शाम वह खेतों से लौटकर अपने घर आ रहा था। बताया कि घर के पास पहुंचने पर वहां पहले से घात लगाए बैठे उसके चाचा केसरी ने गाली गलौज करते हुए उस पर लाठियों से हमला कर दिया। बताया कि जब तक उसे बचाने के लिए लोग आते उसे गंभीर घायल कर दिया। बताया कि मारपीट से उसका एक हाथ टूट गया है तथा सिर पर गंभीर चोटें आईं हैं। बताया कि उसके चाचा केशरी को शक था कि उसके बेटे अनिल का रिश्ता तुड़वा दिया है। कोतवाल उमेश कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# परिषदीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षाएं 16 से 21 मार्च तक

कार्यालय संवाददाता हमीरपुर

- कक्षा एक की मौखिक, कक्षा दो से पांच तक लिखित व मौखिक परीक्षा होगी

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा परिषद से संचालित परिषदीय और मान्यता प्राप्त विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2023-24 की वार्षिक परीक्षा के साथ मूल्यांकन की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। कक्षा एक की परीक्षा मौखिक होगी, जबकि कक्षा दो से कक्षा पांच तक लिखित एवं मौखिक परीक्षा होगी। कक्षा 6 से 8 तक की परीक्षा लिखित होगी।

परिषदीय विद्यालयों के शैक्षिक सत्र 2023-24 की वार्षिक परीक्षाएं 16 मार्च से 21 मार्च के बीच होंगी। इसके लिए मॉडल प्रश्न पत्र (लिखित एवं मौखिक प्रश्नोत्तरी) का निर्माण जनपद स्तर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान तैयार करेगा। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रश्न पत्रों का विद्यालय स्तर पर वितरण 14 मार्च तक किया जाएगा। कक्षा एक की वार्षिक परीक्षा मौखिक होगी। कक्षा दो एवं कक्षा तीन में लिखित एवं मौखिक परीक्षा होगी। लिखित एवं मौखिक परीक्षा का अधिभार 50-50 प्रतिशत रखा जाएगा। कक्षा चार एवं कक्षा पांच में लिखित एवं मौखिक परीक्षा होगी। लिखित एवं मौखिक परीक्षा का अधिभार क्रमशः 70 प्रतिशत और 30 प्रतिशत रखा जाएगा। एवं कक्षा 6 से 8 की वार्षिक परीक्षा लिखित होगी। इसमें लिखित वार्षिक परीक्षा 50 अंकों की होगी। इसमें बहु विकल्पीय प्रश्न, अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय, दीर्घ उत्तरीय प्रश्न सम्मिलित होंगे। लिखित परीक्षा की अवधि ढाई घंटे होगी तथा मौखिक परीक्षा की समयावधि प्रधानाध्यापक द्वारा आवश्यकतानुसार निर्धारित की जाएगी। प्रश्न पत्रों की पैकिंग ब्लाकवार की जाएगी तथा आपूर्ति जनपद स्तर पर प्राप्त होगी। कक्षा पांच को छोड़ एक, दो, तीन, चार, छह से सात तक की वार्षिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन विद्यालय में विद्यालय के अध्यापकों द्वारा किया जाएगा। कक्षा पांच की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन संकुल (न्याय पंचायत) स्तर पर कराया जाएगा। कक्षा आठ की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन विकास खंड स्तर पर कराया जाएगा। मूल्यांकन का कार्य विकास खंड के अन्य संकुल (न्याय पंचायत) के अध्यापकों से कराया जाएगा।

परीक्षाफल के आधार पर रिपोर्ट कार्ड बना कर छात्र-छात्राओं को दिनांक 31 मार्च को वितरित किया जाएगा। वार्षिक परीक्षा के मूल्यांकन के आधार पर कक्षा 1 से कक्षा 8 तक किसी भी छात्र छात्रा की कक्षोन्नति नहीं रोकी जाएगी। वार्षिक परीक्षा से संबंधित अभिलेख विद्यालय स्तर पर सुरक्षित रखे जाएंगे। वार्षिक परीक्षाफल घोषित करने के दिवस को छात्र अभिभावक के साथ बैठक आयोजित की जाएगी तथा छात्र-छात्राओं की मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं को छात्र-छात्राओं एवं अभिभावक को दिखाया जाएगा। उसी समय रिजल्ट कार्ड भी छात्र छात्राओं को दिया जाएगा।

# धरने में सुंदर कांड का आज पाठ होगा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** परिवार न्यायालय की पीठासीन अधिकारी के खिलाफ अधिवक्ता संघ का धरना पिछले दो दिनों से जारी है। धरने पर बैठे अधिवक्ताओं ने निर्णय लिया कि शुक्रवार को सुंदर कांड का पाठ कराया जाएगा।



जिला जजी गेट के पास धरना प्रदर्शन करते अधिवक्ता। अमृत विचार

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन व प्रोग्रेसिव एंड प्रैक्टिसिंग डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के समस्त अधिवक्ता पिछले मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के महामंत्री देवी प्रसाद शुक्ला ने बताया कि परिवार न्यायालय की पीठासीन पर वादकारियों के प्रति क्रूरतापूर्ण दुर्व्यवहार व अधिवक्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जेल भिजवाने की धमकी तथा बगैर सुनवाई बड़ी सख्या में मुकदमा खारिज करने व नए दायरे स्वीकार न करने के चलते आंदोलित हैं। गुरुवार को धरने में निर्णय लिया गया कि शुक्रवार को सुंदर कांड का पाठ भी कराया जाएगा। जिससे प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय की पीठासीन अधिकारी को सद्बुद्धिस आ सके। सुंदरकांड की जिम्मेदारी राजकुमार सिंह व जितेंद्र शुक्ला को दी गई है। गुरुवार को धरना प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ता रामदत्त पाठक, कृपाशंकर सिंह, मनीराम वर्मा, भगवानदास दीक्षित रहे।

## मंदिर की दीवार कम करने को डीएम से शिकायत

**हमीरपुर।** बिवांर थाना क्षेत्र के ग्राम बंडा के ग्रामीण ने मंदिर की आसपास की दीवार कम करने को लेकर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की हैं। बिवांर थाना क्षेत्र के बंडा गांव निवासी अशोक सिंह पुत्र भान सिंह ने जिलाधिकारी राहुल पांडे को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके गांव में प्राचीन राधाकृष्ण मंदिर है। मंदिर की 2 बीघे जमीन में रामलीला मैदान और बगीचा है। मंदिर के पुराने पुजारी की मृत्यु हो चुकी है और गो सेवा के लिए रखे गए आदमी ने मुख्य पुजारी को कुछ दिन पहले मंदिर से भगा दिया है और अपने दबंग साथी को मंदिर में रख लिया है।

# उपकरण के लिए वृद्धों ने राठ मार्ग पर लगाया जाम

संवाददाता, मुस्करा (हमीरपुर)

- कोतवाली प्रभारी ने समझा-बुझाकर एक घंटे बाद जाम खुलवाया

**अमृत विचार।** ब्लाक परिसर में बुधवार को सामाजिक अधिकार शिविर का आयोजन किया गया। एलिम्को ने वृद्धजनों को उपकरण किए। शेष लोगों को गुरुवार को उपकरण वितरण होना था। लेकिन गुरुवार को पूर्व में रजिस्ट्रेशन न होने के चलते वृद्धजनों को उपकरण नहीं मिल सके। इससे नाराज दर्जनों बुजुर्गों ने राठ- हमीरपुर मार्ग को जाम कर दिया। पुलिस के समझाने पर एक घंटे बाद जाम खुल सका।



जाम लगाए वृद्धजनों को समझाते कोतवाली प्रभारी। अमृत विचार

विकास खंड परिसर में बुधवार को सामाजिक अधिकार शिविर की अंतर्गत एलिम्को द्वारा वृद्धजनों को व्हीलचेयर, छड़ी, कान की मशीन आदि सहायक उपकरण वितरित किए थे। इसमें पूर्व में हो चुके रजिस्ट्रेशन के तहत 600 लाभार्थियों को उपकरण दिए गए। शेष बचे लाभार्थियों को अगले दिन 22 फरवरी को उपकरण बांटे जाने थे, लेकिन गुरुवार को मुस्करा ब्लॉक क्षेत्र के गांवों से एक सैकड़ा से भी अधिक लोग ब्लॉक परिसर में अपना आधार कार्ड लेकर पहुंच गए और उपकरण देने की मांग करने लगे। इस पर वहां मौजूद लोगों ने बताया कि जिनका रजिस्ट्रेशन पहले से है, उन्हीं को उपकरण दिए जाने हैं। इस पर उन्होंने हंगामा काटना शुरु कर दिया। लोगों ने ब्लॉक परिसर के बाहर राठ हमीरपुर मुख्य सड़कपर जाम लगाया। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक सत्य प्रकाश पांडे पहुंचकर रोड जाम कर बैठे वृद्धजनों को समझाया। जिस पर करीब 1 घंटे बाद जाम खुल सका।

जाम खुलने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। वही उपकरण बांटने वाली संस्था की डॉ.रीना ने बताया कि पूर्व में 738 लाभार्थियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया था। जिसके तहत 21 फरवरी को 600 लोगों को उपकरण दे दिए गए थे। शेष बचे 138 लोगों को गुरुवार को उपकरण बांटे जाने थे। जो हंगामा के चलते नही बंट सके।

# तीन दिनों से तीन गांवों में नहीं आई बिजली

- छात्र-छात्राओं को परीक्षा की तैयारी में हो रही परेशानी

**पौथिया (हमीरपुर)।** यूपी बोर्ड परीक्षा शुरू होने से पहले पिछले तीन दिनों से कुछ गांवों में बिजली गुल है। पिछले सोमवार को शाम तेज आंधी पानी से बिजली के पोल टूट गए थे। अभी तक बिजली व्यवस्था बहाल नहीं हो सकी है।

तेज आंधी तूफान से बिजली के पोल, तार टूटने से बिजली सप्लाई चालू नहीं हो सकी है। वहीं बुधवार से बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो गईं हैं। छात्र छात्राओं को अंधेरे में पढ़ाई करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पौथिया के बाबू खां, नीरज गुप्ता, राहुल विश्वकर्मा ने बताया नरेशपुरा और कई मोहल्ले की बिजली गुल है। वहीं सिकरी, उजनेड़ी, कुम्हऊपुर गांवों में बिजली तीन दिन से गुल है। बुधवार को मंडलायुक्त ने मंडल के सभी जिलाधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं। कहा है यूपी बोर्ड के पेपर शुरू हो गए हैं बिजली कटौती नहीं होनी चाहिए, लेकिन चार दिन से पौथिया पावर स्टेशन से जुड़े सिकरी, उजनेड़ी कुम्हऊपुर गांव में बिजली गुल है अभी तक बहाल नहीं हो सकी है। छात्र अंकुश रामदेव, रामबाबू, जयसिंह, अरविंद, सिद्धार्थ सिंह ने बिजली सप्लाई शीघ्र चालू करने की मांग की है।

# अजेंद्र ने स्वामी ब्रह्मानंद की समाधि पर मत्था टेका

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- सपा उम्मीदवार ने शुरू किया चुनावी अभियान
- हमीरपुर-महोबा- तिंदवारी सीट से हैं उम्मीदवार

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा हमीरपुर महोबा और तिंदवारी लोक सभा सीट से पार्टी ने सपा नेता अजेंद्र सिंह लोधी को टिकट देकर मैदान में उतार दिया है। गुरुवार को अजेंद्र सिंह लोधी अपने भारी लाव लश्कर और सैकड़ों वाहनों के काफिले के साथ स्वामी ब्रह्मानंद महाराज की समाधि पर पहुंचे। अजेंद्र सिंह ने अपने समर्थकों के साथ स्वामी जी की समाधि पर माथा टेक पुष्प अर्पित कर अपने चुनावी अभियान की शुरुआत की। समाधि के बाद अजेंद्र सिंह का काफिला पड़ाव स्थित पं.परमानंद की प्रतिमा पर पहुंचा। जहां उन्होंने पं.परमानंद, महात्मा गांधी, बजरिया



स्वामी ब्रह्मानंद महाराज की समाधि पर पुष्प अर्पित करते अजेंद्र सिंह लोधी।

स्थित वीर अब्दुल हमीद की तोप, अंबेडकर चौराहा स्थित संविधान निर्माता बाबा भीमराव आंबेडकर, उरई रोड स्थित दीवान शत्रुघन सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद सपा नेता का काफिला गोहांड पहुंचा। जहां पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उनके गले में माला पहना कर स्वागत किया। सरीला कस्बा पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। बिवांर से होते हुए मुस्करा पहुंचे जहां पर पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं ब्लाक अध्यक्ष मानवेंद्र यादव ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर अजेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने उन पर जो भरोसा जताया है वह उस पर खरे उतरेंगे। उन्होंने कहा कि वह हर हाल में लोकसभा की सीट जिताकर रहेंगे। सपा के जिला महासचिव सुरेंद्र सिंह लोधी, नगर अध्यक्ष मैराज राईन, पुष्पेंद्र यादव, प्रताप जराखर, बिपिन मंत्री, शंकर सिंह दादा गोहांड, राजेश लोधी इटैलिया, शिवसिंह यादव गोहांड, नीलम यादव जिलाध्यक्ष महिला सभा, रिंकू वर्मा, विमलेश कुमारी जिला पंचायत सदस्य नौरंगा, जिला पंचायत सदस्य रामसजीवन यादव समेत सैकड़ों कार्यकर्ता रहे।

## सार-संक्षेप



एसडीएम को ज्ञापन देते ग्रामीण।

### सड़क न बनने से ग्रामीण नाराज, अनशन की चेतावनी

**मौदहा (हमीरपुर)।** बार- बार जर्जर सड़क के निर्माण की मांग अनसुनी किए जाने के बाद ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दी तो अधिकारी हरकत में आए और उन्होंने सड़क निर्माण का आश्वासन दिया, लेकिन ये वादा भी हवा हवाई ही साबित हुआ। एक बार फिर से ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर सड़क निर्माण न होने पर अनशन की चेतावनी दी है। बुंदेलखंड नवनिर्माण सेना के जिलाध्यक्ष देव यादव के नेतृत्व में लगभग एक दर्जन ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को संबोधित करते हुए ज्ञापन उपजिलाधिकारी राजेश चंद्र को सौंपा। जिसमें कहा गया है कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रमना किशनपुर की सड़क बरसों से जर्जर हालत में है। पर चलना मुश्किल होता है। इस सड़क के निर्माण की मांग को लेकर कई बार अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया है और पिछले विधानसभा उपचुनाव में ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया था। इसके बाद आला अधिकारियों ने सड़क निर्माण का आश्वासन दिया था। लेकिन चुनावी वादे की तरह अधिकारियों के आश्वासन भी झूठे साबित हुए। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण न होने पर 26 फरवरी से अनिश्चितकालीन अनशन की चेतावनी दी है। ज्ञापन देने वालों में देव यादव, ओमप्रकाश, प्यारेलाल, कल्लू यादव, राहुल, जयराम पाल, बिंदा सहित एक दर्जन से अधिक ग्रामीण मौजूद रहे।

### लाभार्थियों को दें योजनाओं की जानकारी

**मौदहा(हमीरपुर)।** कस्बे के ब्लॉक सभागार में भारतीय जनता पार्टी की लाभार्थी सम्पर्क अभियान मंडल कार्यशाला की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि सुरेंद्र तिवारी ने बताया कि भारत सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के लाभार्थियों के घर घर जाकर उनसे सम्पर्क करना है। उनको भाजपा के पक्ष में आगामी चुनाव में वोट डालने के लिए प्रेरित करना है। अध्यक्षता मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी ने की। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अनूप सिंह, प्रमोद वर्मा, रवि सोनी, पूर्व सभासद छोटेलाल प्रजापति, आनंद त्रिपाठी, बसंत सोनी, नीरज अनुरागी, सभासद शिवकुमार सोनी, सुबोध गुप्ता, नमन गुप्ता, हिना परवीन सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।





कार्यशाला को संबोधित करते मुख्य अतिथि।

**निरीक्षण** 90 फीसदी किसानों ने नहीं कराया है फसल का बीमा, अब आपदा राहत फंड से ही मिलेगी सहायता

# सर्वे में अधिकारियों ने देखी ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलें

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** गुरुवार को जिला कृषि अधिकारी ने टीम के साथ ओला प्रभावित गांवों का दौरा किया। टीम ने माना कि सब कुछ तबाह हो गया है। जबकि 90 फीसदी किसान फसल बीमा योजना से दूर हैं। फसलों को मुआवजा कैसे मिलेगा। यह बड़ा सवाल है। राजस्व विभाग एक सीमा के तहत दैवीय आपदा के रूप में मदद करता है। बस इसी मदद का आसरा किसानों को है।



सुमेरपुर क्षेत्र में फसलों का मुआयना करते जिला कृषि अधिकारी। अमृत विचार

जिला कृषि अधिकारी डा.हरिशंकर ने एडीओ कृषि उदय कुमार भदौरिया, रविपाल, बीज गोदाम प्रभारी विक्रम सिंह, महेश कुमार आदि के साथ ओला प्रभावित सुमेरपुर ब्लाक के बांकी, बांक, बिल्हड़ी, पारा रैपुरा आदि गांवों का दौरा करके तबाही का मंजर देखा। टीम ने माना कि कुदरत ने सब कुछ तबाह कर दिया है। किसानों के पास कुछ नहीं बचा है। 90 फीसदी किसान फसल बीमा योजना से दूर हैं। किसानों की नष्ट हुई फसलों का मुआवजा कैसे हासिल होगा। यह बड़ा सवाल है। अब महज राजस्व विभाग से सहायता मिल पाएगी।

### बारिश व ओलावृष्टि से क्षतिग्रस्त फसलों का मुआवजा दिलाने की मांग

**हमीरपुर।** बीते मंगलवार को आए भारी तूफान, ओलावृष्टि व बारिश से किसानों की बड़े पैमाने पर फसलों की तबाही हुई है। सपा कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर क्षति का आकलन कर मुआवजा दिलाने की मांग की। सपा जिलाध्यक्ष इदरीश खान के नेतृत्व में नंदकिशोर शिवहरे, माया वाल्मीकि, विवेक पाल, सलीम मोहम्मद, वेदप्रकाश वर्मा आदि ने बीते दिनों जनपद में आए आंधी तूफान, ओलावृष्टि व बारिश से हुई फसलों की क्षति के संबंध में जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। जिसमें मांग की है कि किसानों की फसलों के नुकसान का तत्काल आकलन कराया जाए, क्षति के अनुसार किसानों को राहत अनुदान धनराशि दिलाई जाए, बिजली के तारों से मृत लोगों को मुआवजा दिलाया जाने के साथ किसानों से की जाने वाली राजस्व व बिजली बिल वसूली पर तत्काल रोक लगाए जाने की मांग की।



डीएम को ज्ञापन देने जाते सपा कार्यकर्ता।

### बाकी के किसानों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** बांकी के आधा सैकड़ा किसानों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शत प्रतिशत फसलों के नुकसान की बात कहकर किसी सक्षम अधिकारी से सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने की मांग की है। बांकी के किसान ओमप्रकाश पराशर, धीरेंद्र सिंह, रामकुमार तिवारी, कृष्ण कुमार तिवारी, अरविंद द्विवेदी, इंद्रेश कुमार आदि आधा सैकड़ा किसानों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर ओलावृष्टि से शत प्रतिशत नुकसान होने की बात कहकर किसी सक्षम अधिकारी से डोर टू डोर सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# बर्बाद फसल का मुआवजा दें और कर्ज माफ करें

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- किसानों के खून पसीने की कमाई बर्बाद हो गई है अब वे छाती पीटने का विवश

**अमृत विचार।** मंगलवार को हुई तेज बारिश और ओलावृष्टि से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इससे फसल बुरी तरह बर्बाद हो गई है। खून पसीने की मेहनत को एक ही झटके में बर्बाद होने से किसान परेशान हैं। उन्होंने गुरुवार को शासन- प्रशासन से बर्बाद हुई फसल के मुआवजे व बैंक ऋण को माफ करने की मांग की है।

गुरुवार को सुमेरपुर कस्बा के पलरा रोड कावर हार निवासी कृषकों ने अतिरिक्त एसडीएम को दिए ज्ञापन दिया। कहा कि 20 फरवरी को हुई तेज बरसात और ओलावृष्टि के कारण किसान की खेतों में खड़ी फसल बर्बाद हो गई है। मंगलवार को हुई बरसात और ओलावृष्टि का कहर जनपद भर में नजर आया।

कहीं कम तो कहीं ज्यादा ओले पड़े थे। इससे खेतों में पकने को तैयार खड़ी फसलों की बालियां झड़ गईं और ओलावृष्टि के साथ चली तेज हवाओं से खड़ी फसल नीचे गिर गई है।

इस आपदा से बर्बाद हुई फसल का सर्वे कर मुआवजा दिलाए जाने की जरूरत है। बैंकों से लिए कर्ज को माफ किया जाए। ताकि हम किसान भरण पोषण ठीक ढंग से कर सकें। इस दौरान अभिषेक सिंह, रामगोपाल, अमर सिंह, देवेंद्र सिंह सहित अन्य कृषक मौजूद रहें। वहीं सुमेरपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत उजनेड़ी व मजरा सिकरी के किसानों ने आंधी, ओलावृष्टि व बारिश में शत-प्रतिशत फसलें नष्ट होने की बात कही। गांव के राम बहादुर, बाबू लाल, शिवशंकर दीक्षित, मुलायम, जगदीश, भूरेलाल, दिनेश कुमार, अशोक कुमार, जयपाल, रामकरन, राम बहादुर आदि किसानों ने डीएम को ज्ञापन देकर मुआवजा दिलाने की मांग की।



## कार्यालय नगर पालिका परिषद - राठ (हमीरपुर)

स्वच्छ सर्वेक्षण 2023

पत्रांक: 1562 / न0पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 /2023–24/ दिनांक: 23/01/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती रामश्री पत्नी रामकिशोर गुप्ता | श्री पंकज कुमार पुत्र रामगोपाल सोनी | बुधौलियाना –1 | 16 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, राठ – हमीरपुर**

# आपदा जोखिम न्यूनीकरण में महिला समूह की भूमिका महत्वपूर्णः डिमरी

## राजा देवी डिग्री कालेज में आयोजित हुई मंडल स्तरीय कार्यशाला

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार :** महिला स्वयं सहायता समूहों की आपदा जोखिम न्यूनीकरण में भूमिका विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में चित्रकूटधाम मंडल में संचालित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को विभिन्न दैवीय आपदाओं से बचाव के गुर सिखाए गए। साथ ही स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को जागरूक किए जाने पर जोर दिया गया। बताया गया कि दैवीय आपदाओं में सबसे अधिक महिलाएं, बच्चे व बुजुर्ग प्रभावित होते हैं। इन आपदाओं में होने वाली हानि को कम करने व उनके प्रति सतर्क व सजग रहकर स्वयं सहायता समूहों को जागरूक किए जाने की जरूरत है।

नरैनी रोड स्थित राजा देवी डिग्री कॉलेज सभागार में गुरुवार को आपदा जोखिम न्यूनीकरण विषय पर कार्यशाला आयोजित हुई। उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी ने कहा कि राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण दैवीय आपदाओं के प्रति संवेदनशील है। विभिन्न दैवीय आपदाओं जैसे सर्पदंश, सूखा, अतिवृष्टि, अग्निकांड, नदी में डूबने, बाढ़ आदि से जन और धन हानि होती है। इनमें महिलाएं, बच्चे और अधिक उम्र के लोग खासतौर पर प्रभावित होते हैं। इन्हें कम करने के लिए महिला स्वयं सहायता समूहों को जागरुक करने की जरूरत है। इसी उद्देश्य को लेकर यह कार्यशाला आयोजित की गई है। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन में बचाव के लिए 1800 स्वयं सहायता समूहों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। आपातकालीन स्थिति में बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए महिलाएं एक दूसरे को संगठित कर बेहतर सहायता प्रदान करती हैं। आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने कहा कि दैवीय आपदाओं से बचने व उनसे होने वाली जनहानि को कम करने के उपायों को जानना जरूरी है। इसलिए स्वयंसेवी सहायता समूह आपदाओं के संबंध में बचाव के उपायों को कार्यशाला में समझकर उन उपायों का प्रयोग करें। दैवीय आपदा के समय बचाव के प्रति लोगों को जागरुक भी करें। जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल ने कहा कि आपदा जोखिम न्यूनीकरण में महिला स्वयं सहायता समूह की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रशिक्षण लेकर महिलाएं आपदा से बचाव की जानकारी करके लोगों को जागरुक करें। कार्यकम में परियोजना प्रबंधक डॉ.कनीज फात्मा, एडीएम राजेश कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट विजयशंकर तिवारी रहे।



कार्यशाला में बोलते लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी साथ में डीएम। अमृत विचार

### महिलाएं सम्मानित

राजा देवी डिग्री कॉलेज में आयोजित मंडलीय कार्यशाला में मंडल के विभिन्न जनपदों से आई महिलाओं से आपदा प्रबंधन के संबंध में प्रश्न पूछे गए। सही उत्तर देने पर पांच-पांच सर्वश्रेष्ठ महिलाओं को सम्मानित किया गया। इन महिलाओं से विभिन्न दैवीय आपदाओं में किस प्रकार से राहत बचाव के उपाय किए जा सकते हैं, किस प्रकार से लोगों को इसके प्रति जागरुक किया जा सकता है, इस पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने बेहतर जवाब दिए गए। जिसके परिणाम स्वरूप उन्हें सम्मानित भी किया गया।

# सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में शुरू हुई बोर्ड परीक्षा

कार्यालय संवादादाता, हमीरपुर

- पहले दिन हाईस्कूल में 755 व इंटर 415 ने छोड़ी परीक्षा
- जनपद के 41 केंद्रों में 30287 छात्र छात्राएं है पंजीकृत

**अमृत विचार।** बोर्ड परीक्षा के पहले दिन जिले के 41 परीक्षा केंद्रों में कड़ी सुरक्षा के बीच दोनों पालियों में हाईस्कूल हिन्दी व दूसरी पाली में हाईस्कूल वाणिज्य एवं इंटरमीडियट की हिंदी की परीक्षा हुई। इसमें पंजीकृत कुल 30287 परीक्षार्थीयों में से दोनों पालियों में कुल 1171 परीक्षार्थियों ने पहले ही दिन परीक्षा छोड़ दी। ।

सुरक्षा के लिए केंद्र व्यवस्थापकों, के साथ सह केंद्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा जनपद को 12 सेक्टर एवं चार जोन में विभाजित किया गया है। प्रथम पाली हाईस्कूल की हिंदी परीक्षा में कुल पंजीकृत 15676 परीक्षार्थियों में 755 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। सुबह 7:30 बजे से परीक्षा केंद्रों में छात्र-छात्राओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। मुख्य गेट के अंदर सघन तलाशी के बाद परीक्षार्थियों को सुबह 8 बजे कक्षों में प्रवेश दिया गया। इस दौरान परीक्षा केंद्रों के मुख्य गेट पर पुलिस बल तैनात रहा। परीक्षा देकर निकले छात्र-छात्राओं ने बताया कि हिन्दी प्रश्न पत्र में पढ़ाए गए स्लेबस के प्रश्न आए थे। जिससे पेपर बहुत ही अच्छा बना है। वहीं दूसरी पाली में हाईस्कूल के वाणिज्य की परीक्षा में कुल 62 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। जबकि दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की हिंदी की परीक्षा अपराह्न 2 बजे से 5:15 तक संपन्न हुई। जिसमें कुल 13180 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिसमें 415 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जबकि 12765 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

### यूपी बोर्ड परीक्षा के पहले दिन परीक्षार्थियों में दिखा उत्साह

**मौदहा।** कस्बे के रहमानिया इंटर कॉलेज में सुबह प्रथम पाली में हाईस्कूल के कुल पंजीकृत 519 परीक्षार्थियों में 13 ने परीक्षा छोड़ दी। द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट के कुल पंजीकृत 419 परीक्षार्थियों में 07 अनुपस्थित रहे। वहीं रहमानिया इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ.रजिया सुल्ताना ने बताया कि नकलविहीन परीक्षा हुई है। परीक्षा केंद्र का जिला विद्यालय निरीक्षक केके ओझा और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह ने निरीक्षण कर सीसीटीवी कैमरे देखे।

## सार-संक्षेप



ज्योति ब्रजेंद्र गुप्ता को प्रमाण पत्र देते जोनल हेड सुमित चाहरा। अमृत विचार

### महेंद्रा एमशापी का जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया उद्घाटन

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के अंबेडकर चौराहे के पास काव्या मोटर्स में महेंद्रा एमशापी एक्सक्लूसिव स्टोर का शुभारंभ कंपनी के जोनल हेड सुमित चाहरा तथा जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया, भरत अनुरागी ने किया। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार वातावरण में गूंज उठे। अतिथियों ने फीता काट कर स्टोर का शुभारंभ किया। स्टोर के शुभारंभ होने से वाहन चालकों को पार्टस के लिए यहां- वहां नहीं भटकना पडेगा। वाहनों के मिस्त्रियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण भी दिया गया। बाजार में आने वाले बीएस 6 वाहनों के संबंध में कंपनी के इंजीनियरों ने बारीकी से जानकारी दी। स्टोर के मालिक ज्योति ब्रजेंद्र गुप्ता ने अतिथियों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान कंपनी के अधिकारियों ने ज्योति ब्रजेंद्र गुप्ता को प्रमाण पत्र सौंपा। इस मौके पर कंपनी के एरिया सेल्स मैनेजर कुलदीप मालवीय, पवन सिंह, प्रशांत कुमार, सतेंद्र भारद्वाज, अनूप कुमार रहे।



राजकीय महिला महाविद्यालय में स्मार्ट फोन दिखातीं छात्राएं। अमृत विचार

### राजकीय महिला महाविद्यालय में छात्राओं को बांटे स्मार्टफोन

**हमीरपुर।** राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 79 छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद ने स्मार्टफोन वितरित किए। मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह योजना 2021 में शुरू की थी ताकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चे भी स्मार्टफोन का प्रयोग अपनी शिक्षा को आगे बढ़ाने में कर सकें। आज के इस कार्यक्रम में जिन छात्राओं को स्मार्टफोन मिले हैं वह इनका इस्तेमाल अपनी शिक्षा को आगे बढ़ाने में करें जिससे उनके माता-पिता का नाम रोशन हो सके। मोबाइल फोन का उपयोग ज्ञानवर्धक एवं पठन-पाठन में करें। प्राचार्य डॉ.राजकुमार ने कहा कि कोविड काल में जब सभी शिक्षण संस्थाए बंद कर दी गई थी। ऐसे संकट के समय में छात्राओं ने मोबाइल फोन के जरिए ही ऑनलाइन पढ़ाई की थी। उन्होंने कहा कि जिन छात्रों को स्मार्टफोन मिले हैं वह अपनी शिक्षा बढ़ाने के लिए उनका इस्तेमाल करें। स्मार्ट फोन पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर महाविद्यालय की मृदुलता सोनकर, डॉ.सबा कौसर, डॉ.शालिनी, डॉ.अशोक बाबू, नरेश कुमार, डॉ.ज्योति यादव, लवकुश कुमार आदि प्राध्यापक उपस्थित रहे।



कोतवाली में शस्त्रागार का निरीक्षण करती एसपी डॉ.दीक्षा शर्मा। अमृत विचार

### एसपी ने कोतवाली सदर का किया वार्षिक निरीक्षण

**हमीरपुर।** लोकसभा चुनाव व त्योहारों के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा ने गुरुवार को सदर कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाने के कार्यालय, लॉकअप, अपराध रजिस्टर, महिला हेल्पडेस्क, सीसीटीवी कक्ष, विवेचना कक्ष, ई- मालखाना, मैस, थाने में लगे सीसीटीवी कैमरे व शस्त्रागार आदि का निरीक्षण किया। अभिलेखों को गहनता से चेक किया। थाना परिसर की साफ-सफाई देख संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। थाने में आने वाली जनता व पीड़ितों से सम्मानजनक व्यवहार करने व जनता की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण करने के प्रभारी व पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए। इस दौरान एसपी ने थाना कोतवाली सदर क्षेत्र से आए हुए ग्राम पहरी से संवाद कर संबंधित के क्षेत्र के बारे में जानकारी ली व आवश्यक दिशा निर्देश दिये।




व्यापार मंडल की बैठक में उपस्थित व्यापारी। अमृत विचार

### एक माह में व्यापार मंडल का चुनाव कराने पर सहमति

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** बांकी मार्ग स्थित एक गेस्ट हाउस में नगर उद्योग व्यापार मंडल की बैठक जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। इसमें 3 वर्ष का कार्यकाल समाप्त होने पर नया चुनाव कराने पर विचार किया गया। तय किया गया संरक्षक की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय टीम बनाकर चुनाव कराया जाएगा। चुनाव एक माह के अंदर होगा। बैठक में व्यापार मंडल का चुनाव संपन्न कराने को लेकर गहन मंथन किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि 3 वर्ष पूर्ण होने पर संगठन का चुनाव प्रत्येक दशा में 31 मार्च के पूर्व संपन्न कराया जाना है। बैठक में सर्वसम्मति से व्यापार मंडल के संरक्षक के नेतृत्व में पांच सदस्यीय चुनाव कमेटी बनाकर चुनाव संपन्न कराने की सहमत प्रदान की गई। नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू ने पिछले 3 वर्षों के कार्यों की जानकारी प्रदान की। बैठक में संरक्षक नंदकिशोर यादव, राठ के नगर अध्यक्ष काशी प्रसाद, प्रदीप कुमार गुप्ता, श्यामलाल गुप्ता, अनुज गुप्ता, राम जी मिश्रा, अनिल परनामी, रमेश चंद्र गुप्ता, मृत्युंजय गुप्ता, दिनेश सोनकर, सरदार धुरिया, विजय चौरसिया, आशीष गुप्ता, शिवम गुप्ता, धीरू यादव रहे।

### अकारण गाली गलौज व मारपीट करने पर रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के पतारा गांव में अकारण गाली-गलौज व मारपीट करने पर पीड़ित ने चार लोगों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पतारा गांव निवासी अजय पाल ठाकुर ने दी तहरीर बताया की मंगलवार को शाम 7 :00 बजे घर में खाना खा रहा था। तभी गांव के कन्हैया नवल कल्लू सिंह बेटू दरवाजे में आकर करण गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर चारों आरोपी एक राय होकर मारपीट करने लगे। शोर सुनकर मां विमला व पत्नी सोनी बीच बचाव करने आई, तो उनके साथ भी मारपीट की। तभी पड़ोस के लोगों के आने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

### सर्वाधिक नसबंदी के लिए डॉ.विपिन शर्मा सम्मानित



**नरैनी।** परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत परफार्मेंस रिवार्ड (सम्मान समारोह 2023-24) का आयोजन कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी के सभागार में किया गया, जिसमे वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान जनपद में सर्वाधिक महिला नसबंदी करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नरैनी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। चिकित्साधीक्षक नरैनी डॉ.विपिन शर्मा को मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रमाणपत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### विमल कृष्ण बने मोर्चा के अध्यक्ष

**बांदा।** लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए गुरुवार को बुद्धजीवियों, किसानों और मजदूरों की बैठक में ईवीएम हटाओ-लोकतंत्र बचाओ मोर्चा का गठन किया गया। मोर्चा का राष्ट्रीय संयोजक/अध्यक्ष क्रांतिकारी अधिवक्ता विमल कृष्ण को घोषित किया गया। राष्ट्रीय महासचिव प्रमोद आजाद, तहसील अध्यक्ष चंद्रपाल अनुरागी और तहसील नरैनी के अध्यक्ष दिनेश पटेल और नरैनी ब्लॉक के अध्यक्ष छोटेलाल निषाद घोषित किए गए। मोर्चा गठन की बैठक में अमरजीत सिंह, राकेश कुमार, महेश निगम, नरवल कुमार, संतोष यादव, तिजोला कोटार्य, सुधीर श्रीवास्तव, विजय कुमार व राजकुमार आदि उपस्थित रहे।

### महिला ने जहर खाया

**अतर्रा:** थाना क्षेत्र के तेरा 'ब' गांव निवासी मुन्नी देवी (50) पत्नी रामलखन ने गुरुवार की दोपहर घरेलू कलह से तंग आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत विगड़ने पर घर वालों को पता चला उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# बोर्ड परीक्षा में सख्ती से छूटा पसीना, 1825 ने छोड़ी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- पहली पाली में 1301 तो दूसरी में 524 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित
- उड़नदस्तों ने परीक्षा केंद्रों का किया भ्रमण, नहीं मिले नकलची छात्र

**अमृत विचारः** यूपी बोर्ड परीक्षा के पहले ही दिन हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के 1825 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा छोड़ने वालों में पहली पाली में हाईस्कूल के 1301 और दूसरी पाली में इंटरमीडिएट के 524 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। बोर्ड परीक्षा में सख्ती देख कर परीक्षार्थियों का पसीना छूट गया। परीक्षा केंद्रों में तलाशी के बाद ही परीक्षार्थियों को अंदर जाने दिया गया। पहले दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से निपट गई।

माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा के पहले दिन गुरुवार को 64 परीक्षा केंद्रों में कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई। पहली पाली में हाईस्कूल हिंदी प्रथम प्रश्न पत्र का पेपर रहा। परीक्षा केंद्रों के मुख्य गेट पर परीक्षार्थियों की सघन तलाशी ली गई। इसके बाद अंदर प्रवेश दिया गया। प्रथम पाली हाईस्कूल में पंजीकृत 24,616 में 23,315 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। जबकि 1301 अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली इंटरमीडिएट हिंदी प्रश्न पत्र में पंजीकृत 17,778 में 17,254 परीक्षार्थी पेपर देने आए। जबकि 524 गैरहाजिर रहे। डीआइओएस व बीएसए सहित प्रवक्ताओं की अगुवाई में गठित चार उड़नदस्तों ने कई सेंटरों पर पहुंचकर परीक्षार्थियों की सघन तलाशी ली, लेकिन कोई भी परीक्षार्थी नकल करते नहीं पकड़ा गया। वहीं जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों ने भी परीक्षा केंद्रों का सघन निरीक्षण किया। इन्हें सभी केंद्रों में व्यवस्थाएं सही मिलीं। जोनल मजिस्ट्रेट बनाए गए एसडीएम सदर रजत वर्मा ने केंद्र व्यवस्थापकों को सख्त हिदायत दी है। डीआइओएस कार्यालय में बने कंट्रोल रूम से सभी 64 केंद्रों की नियमित निगरानी की गई। परीक्षा खत्म होने के बाद कापियों को सील कर कड़ी सुरक्षा के बीच कोठार केंद्रों पर पहुंचाया गया। उधर, डीआइओस विजय पाल सिंह ने बताया कि सभी सेंटरों में शांति पूर्ण माहौल में परीक्षाएं हुई हैं।



बालिका विद्या मंदिर में परीक्षार्थियों की तलाशी लेते परीक्षक। अमृत विचार

### सघन तलाशी के बाद केंद्रों में मिला प्रवेश

यूपी बोर्ड परीक्षा गुरुवार को सीसीटीवी कैमरा, सुरक्षा बलों की निगरानी में शुरू हुई। परीक्षा कक्षों में लगे सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। सुबह की पहली पाली में हाईस्कूल हिंदी तथा इंटरमीडिएट हिंदी की परीक्षा हुई। सभी केंद्रों पर आंतरिक सचल दल के सदस्यों ने तलाशी लेकर ही परीक्षार्थियों को केंद्र के अंदर प्रवेश करने दिया। परीक्षा केंद्रों के बाहर गैर जरूरी सामान बाहर ही जमा करा लिया गया।

### मंदिरों में माथा टेक मांगी सफलता

यूपी बोर्ड परीक्षा देने के लिए परीक्षार्थी बड़े उत्साह के साथ परीक्षा केंद्रों की ओर निकल पड़े। शहर के प्रमुख संकट मोचन मंदिर, महेश्वरी देवी मंदिर, काली देवी मंदिरों में परीक्षार्थियों को माथा टेकते देखा गया। इसके अलावा रास्ते में पड़ने वाले छोटे-बड़े मंदिरों में छात्र-छात्राओं ने माथा टेककर पेपर अच्छा होने की अरदास लगाई। महेश्वरी देवी मंदिर और संकट मोचन मंदिर में परीक्षार्थियों की सर्वाधिक भीड़ नजर आई। बड़ी संख्याओं में छात्राओं ने प्रसिद्ध बांबेश्वर मंदिर में भगवान भेलेनाथ को रिझाने का प्रयास करती दिखीं। छात्राओं ने विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान से परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने का आशीर्वाद मांगा।

## चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**बांदाः** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना गिरवां पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गौरतलब हो कि 15 फरवरी को अज्ञात अभियुक्तों ने आर्यवर्त बैंक खुरहण्ड रेलवे स्टेशन के पास से एक पैसन-प्रो मोटरसाइकिल चोरी हो गई थी।

# नौ सीएचओ से डीएम ने जवाब तलब किया

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** कम्यूनिटी हेल्थ अफसर (सीएचओ) की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। जिसमें एएमएस व ओपीडी टेली-मेडिसिन डीएडी एमएस तथा एमसीडी आदि बिंदुओं की समीक्षा जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने की। नौ सीएचओ के कार्यों से असंतुष्ट डीएम ने स्पष्टीकरण तलब किया।

जिलाधिकारी ने सभी एसएचओ को निर्देशित किया कि कार्यों में सुधार कर शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करें। आगामी बैठक में कार्यों में सुधार न होने पर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड से शत-प्रतिशत लाभार्थियों को संतृप्त करना है। अतः गांव में सर्वे कर सभी पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश संबंधित को दिए, तथा आयुष्मान कार्ड बनाने में आ रही कठिनाइयों के बारे में कहा कि आधार अपग्रेडेशन का कार्य चल रहा है। इस प्रकार की समस्याओं के लिए आधार अपग्रेडेशन सेंटर में संशोधन संबधी कार्य करा लें। बिना मेहनत किए कोई व्यक्ति सफलता प्राप्त नहीं करता। सही नीयत, सच्ची श्रद्धा के साथ कार्य करें। सिस्टम हमेशा मेहनत करने वाले की कद्र करता है। मुख्य चिकित्साधिकारी, एमओआईसी व सीएचओ रहे।



सीएचओ की समीक्षा बैठक लेते डीएम राहुल पांडेय। अमृत विचार

## सियासत

गुटबाजी के बीच एक गुट के अध्यक्ष समेत सभी प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित, दूसरा गुट 29 को मतदान पर अड़ा

# बार का 13वीं बार निर्विरोध अध्यक्ष बन अमर सिंह ने रचा इतिहास

संवाददाता, अतर्रा (बांदा)

**अमृत विचारः** तहसील अधिवक्ता संघ चुनाव में अचानक 38 अधिवक्ताओं के नाम मतदाता सूची के काट दिए जाने के मामले को लेकर दो गुटों में बंटा अधिवक्ता संघ अब दो-दो चुनाव कराने पर तुला है। एक गुट की ओर से नाम वापसी की तारीख के बाद जहां अध्यक्ष समेत सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं, वहीं दूसरा अभी भी 29 फरवरी को मतदान कराने पर अड़ा हुआ है। कुल मिलाकर अधिवक्ता संघ का चुनाव इस बार विवादों और गुटबाजी की भेंट चढ़ता दिख रहा है। हालांकि दोनों गुट एक दूसरे की वैधता पर सवाल उठाकर अपने गुट को असली अधिवक्ता संघ बता रहे हैं।

मामला यह है कि तहसील अधिवक्ता संघ में विवाद की स्थिति उस समय उत्पन्न हो गई जब मतदान का कार्यक्रम तय होने के बाद कार्यवाहक महासचिव ने 38 अप्रवासी अधिवक्ताओं के नाम काट दिए हैं। हालांकि इस मामले पर उप्र बार काउंसिल के सदस्य सचिव अंकज मिश्रा ने राय भी स्पष्ट की थी और काटे गए नामों को जोड़कर सभी 174 मतदाताओं के साथ फिर से मतदान का कार्यक्रम जारी करने के निर्देश दिए थे, लेकिन निर्वाचन अधिकारी पुरुषोत्तम पांडेय ने बार काउंसिल के मशविरे को दरकिनार करते हुए पूर्व निर्धारित चुनाव कार्यक्रम को जारी रखा और 140 मतदाताओं वाली सूची को ही वैध करार दिया और चुनाव प्रक्रिया में डटे रहे।

उधर अधिवक्ता संघ की आम सभा ने सर्वसम्मति से नए निर्वाचन अधिकारी के रूप में लखन मिश्रा को नियुक्त कर दिया और चुनाव की नई तारीखें तय कर दी। जिसके अनुसार 21 फरवरी को नामांकन, 22 को नाम वापसी और 27 फरवरी को मतदान की तारीख निर्धारित की गई। हालांकि गुरुवार को नाम वापसी के बाद अमर सिंह राठौर 13वीं बार संघ के अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध निर्वाचित किए गए और महासचिव राजेंद्र जाटव को चुना गया। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष गुप्ता, कनिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील गुप्ता, कोषाध्यक्ष अर्जुन प्रकाश गुप्ता, संयुक्त सचिव प्रशासन विकास सिंह, संयुक्त सचिव प्रशासन राघवेंद्र गुप्ता, संयुक्त सचिव पुस्तकालय रजनीश, वरिष्ठ सदस्य अमर बाबू सचदेवा, कनिष्ठ सदस्य महेश सिंह कुशवाहा भी निर्विरोध निर्वाचित हुए। जबकि दूसरे गुट के निर्वाचन अधिकारी पुरुषोत्तम पांडेय अपने कदम पीछे खींचने को तैयार नहीं हैं और उनके गुट का मतदान 29 फरवरी को निर्धारित है। उधर इल्डर कमेटी के विनोद तिवारी अभी भी चुनाव को एक माह के लिए टालने के मूड में दिख रहे हैं। वह दोनों गुटों से दूरी बनाए हुए हैं।



अमर सिंह। अमृत विचार



राजेंद्र जाटव। अमृत विचार

### बार काउंसिल में तलब हुआ अधिवक्ता संघ विवाद

तहसील अधिवक्ता संघ में उपजी गुटबाजी का मामला अब बार काउंसिल तक पहुंच गया है। मामले में उप्र बार काउंसिल के सदस्य सचिव प्रदीप कुमार सिंह ने काउंसिल के आदेश की अवहेलना पर निर्वाचन अधिकारी पुरुषोत्तम पांडेय, ईल्डर कमेटी के अध्यक्ष विनोद तिवारी और पूर्व महासचिव नरेंद्र शुक्ला को 23 फरवरी को पेश होने का नोटिस जारी किया है। पूर्व महासचिव मनोज द्विवेदी ने उप्र बार काउंसिल में शिकायती पत्र भेज कर कहा है कि निर्वाचन अधिकारी श्री पांडेय लगातार काउंसिल के आदेशों की अवहेलना कर रहे हैं, जिससे अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है। काउंसिल के अध्यक्ष शिवकिशोर सिंह गौड़ ने प्रकारण की सुनवाई के लिए पूर्व उपाध्यक्ष सदस्य सचिव प्रदीप कुमार सिंह को अधिकृत किया है और सभी संबंधितों को 23 फरवरी को प्रकरण के अभिलेखों के साथ तलब किया है।

## कर-करेत्तर की बैठक में वसूली में तेजी लाने के निर्देश

**बांदाः** अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव एवं अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व वसूली से संबंधित बैठक आयोजित हुई। अपर जिलाधिकारी ने आबकारी एवं परिवहन विभाग के करों की वसूली में तेजी लाकर प्रवर्तन कार्यों को तेज करते हुए लक्ष्य के अनुरूप वसूली किए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने नगर पालिका एवं नगर निकाय द्वारा हाउस टैक्स की वसूली में भी तेजी लाने को निर्देशित किया। उन्होंने मंडी परिषद एवं सिंचाई विभाग के करों की वसूली की समीक्षा करते हुए सिंचाई विभाग के करों की वसूली किए जाने तथा मंडी के करों की वसूली में प्रवर्तन कार्यों में तेजी लाने के निर्देश मंडी के अधिकारियों को दिए। अपर जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग तथा सेल टैक्स की आरसी की वसूली किए के आदेश दिए। कहा लापरवाही न हो।

## एक नजर

### दंगल में पहलवानों ने दिखाए दांव-पेच

**कालपी।** ग्राम जोल्हूपुर मोड़ में प्रदेश स्तरीय विशाल दंगल का आयोजन किया गया। इस मौके पर जाने- माने पहलवानों में दांव-पेच का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के आयोजक सोबरन पाल के तत्वावधान में जालौन, हमीरपुर, झांसी, कानपुर, भिंड, ग्वालियर आदि स्थानों के पहलवानों ने कुश्ती में भाग लिया। सबसे बड़ी कुश्ती चरन पहलवान भरसूडा तथा मोहनलाल सधारा के बीच में हुई, जो बराबरी पर रही। संदीप पहलवान कुठौंद तथा श्याम जी पहलवान झांसी के बीच हुई, ये भी बराबरी पर रहीं। महिला पहलवान गौरी पांडेय अयोध्या तथा जिद्दी पहलवान एटा मैनपुरी के बीच हुई, जिसमें गौरी पांडेय विजयी हुई। रामदयाल पहलवान परासन तथा भीम पहलवान आगरा के बीच हुई। दंगल का उद्घाटन जिला पंचायत सदस्य सुदामा सिंह चौहान ने किया।

### रवा में क्रिकेट टूर्नामेंट

**कोंच।** ग्राम रवा में बजरंग क्रिकेट क्लब टूर्नामेंट का शुभारंभ प्रधान मुलायम सिंह कुशवाहा, पूर्व प्रधान मुन्ना सिंह प्रजापति ने किया। गांव के दर्जनों लोग देखने के लिए मैदान में पहुंचकर बच्चों का उत्साहवर्धन करते नजर आये।

# आंधी-पानी व ओला से 33 फीसद फसलें चौपट

## पेड़ उखड़कर सड़कों पर गिरने से आवागमन अवरुद्ध हुआ, सर्वे के बाद मुआवजा देने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** जालौन में मंगलवार को हुई बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि से हजारों एकड़ की फसल बरबाद हो गई। इस दैविक आपदा से किसान त्राहि-त्राहि कर उठा है। कालपी तहसील के इटौरा न्याय पंचायत के परासन क्षेत्र में ओला गिरने के साथ से आए तूफान से कई जगहों पर पेड़ उखड़ कर गिर गए। सड़कों पर गिरे पेड़ो से आवागमन अवरुद्ध हो गया। फसलों के तबाह होने से सैकड़ों किसान बर्बाद हो गए। सरकारी सर्वे के अनुसार कई राजस्व ग्रामों में कतिपय कृषको की फसल क्षति 33 प्रतिशत से अधिक है। दलहनी फसलों को अधिक नुकसान हुआ है। प्रशासन दैवीय आपदा से हुए नुकसान का आकलन कर मुआवजा देने की तैयारी कर रहा है।


आधी से गिरा पेड़। अमृत विचार

गांवों में भ्रमण दौरान पता चला कि फसलों की संभावित अच्छी पैदावार को देखते हुए दर्जनों किसानों द्वारा तय की गई लड़कियों की शादी धन के अभाव में उलझकर रह गईं हैं। साथ ही बैंक किसान क्रेडिट कार्डऔर साहूकार से कर्जा लेकर खेतो की बुवाई करने वाले किसानों के सामने फसलें नष्ट होने से कर्जा न चुका पाने की समस्या पैदा हो गई है। हालांकि जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे ने अपर जिलाधिकारी व सभी एसडीएम, तहसीलदारों को ओलावृष्टि क्षेत्र का मोका मुआयना करने तथा राजस्व कर्मियों को फसल नुकसान का सर्वे कर अतिशीघ्र आख्या प्रस्तुत करने को कहा है। अपर जिलाधिकारी संजय कुमार ने ओलावृष्टि प्रभावित क्षेत्र का गुरुवार को दौरा किया और पानी से भरे खेतो में पहुंचकर बर्बाद हुई फसलों को देखा।

अपर जिलाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि 33 फीसद फसलों की क्षति होने पर सिंचित क्षेत्र में 17 हजार तथा असिंचित में 8500 प्रति हेक्टेयर मुआवजा देने का प्राविधान है। उन्होंने बताया कि असामयिक वर्षा व ओलावृष्टि से तहसील जालौन के ग्राम खनुवाँ, धनौरा कलाँ, खर्रा, कैथ, लहचूरा, धन्तौली, कुँवरपुरा, गुपलापुर, हथनाखुर्द, तहसील कोंच के ग्राम भेड़, तीतरा, सदूपुरा, कनासी, अकनीबा, तहसील उरई के ग्राम धगुंवा कला, मिनौरा, कालपी तहसील माधौगढ़ के ग्राम कन्झारी तथा तहसील कालपी के ग्राम सुनेहटा आदि ग्रामों में कृषि फसलो में नुकसान होने की सूचना अभी तक प्राप्त हुयी है। सर्वे का काम जारी है। यद्यपि मुख्य फसल गेहूं का नुकसान कम हुआ है किन्तु मटर, सरसों तथा चने की फसल का अधिक नुकसान हुआ है। इस सन्दर्भ में जिलाधिकारी के निर्देशानुसार समस्त उपजिलाधिकारी व तहसीलदार तथा अन्य राजस्व कर्मियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रो में ओलावृष्टि से हुयी क्षति का आंकलन करने के लिये स्थलीय निरीक्षण किया गया है। सर्वे में पायी गयी क्षति के सम्बन्ध में शासनादेश में अंकित व्यवस्था के अनुसार कृषको को निर्धारित मुआवजे की धनराशि दी जाएगी। 33 फीसदी से कम नुकसान वाले सिंचित क्षेत्र में न्यूनतम 2000 रुपये व असिंचित क्षेत्र में 1000 रुपये बोये गये क्षेत्रो के के मुआवजा देने का प्रावधान है। इस सम्बन्ध में अपनी फसल के नुकसान से सम्बन्धित विवरण सम्बन्धित उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक अथवा लेखपाल के पास दर्ज कराया जा सकता है। कृषकों की समस्या के निवारण हेतु जनपद जालौन मुख्यालय पर कंट्रोल रूम नम्बर 05162-257090 व 252516 प्रारम्भ किये गये है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये है कि जिन कृषको की फसलो की क्षति हुयी है उनका सर्वे कराकर नियमानुसार यथाशीघ्र भुगतान की कार्यवाही की जाये।


कलेक्ट्रेट में सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते पीड़ित किसान। अमृत विचार

### फसल नुकसान का किसानों ने मांगा मुआवजा

उरई (जालौन)। ग्रामसभा जौराखेरा ,ददरी समेत कई गांवों के किसानों ने गुरुवार को किसान कांग्रेस नेता के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंच कर ओलावृष्टि से हुआ फसलों के नुकसान का सर्वे करा मुआवजा दिलाने की मांग की। किसानों ने सिटी मजिस्ट्रेट को इस आशय का ज्ञापन सौंपा। प्रदेश कांग्रेस के किसान प्रकोष्ठ के महासचिव योगेंद्र सिंह जादौन, जिलाध्यक्ष किसान कांग्रेस वीरपाल सिंह राजपूत के नेतृत्व में संजीव तिवारी सीटू, सुनील कुमार, तुलाराम, अंकुर सिंह सहित आदि किसानों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन भेंट करते हुए बताया कि ग्राम सभा में लगभग एक हजार एकड़ में रवि की फसलें मसूर, चना, मटर, लाही, गेहूं, अरहर सभी तरह की फसलें फल फूल रही थीं। तभी अचानक 20 फरवरी को आंधी पानी औलादृष्टी के कहर से 100 प्रतिशत फसलें नष्ट हो गयी है। किसान पूरी तरह से बरबाद हो चुका है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने से किसान आत्महत्या को मजबूर होंगे। खेतों के नुकसान की वास्तविक स्थिति का सर्वे शीध कराया जाये तथा सरकारी सहायता व मुआवजा दिलाना सुनिश्चत किया जाये। किसानों ने कहा कि फसल नुकसान का सर्वे 2 दिनों में नहीं कराया गया तो ग्राम सभा के सभी किसान धरना प्रदर्शन व चक्का जाम संवैधानिक तरीके से करने को मजबूर होंगे।

# गुणवत्ता परखने को मार्गों के लिए नमूने

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** पूर्व विधायक की शिकायत पर गुरुवार को नवनिर्मित टिकावली तथा बीजापुर मार्ग की गुणवत्ता की जांच की गई। इस दौरान शासन द्वारा गठित तकनीकी टीम ने करोडों की लागत से निर्मित सड़कों में प्रयुक्त सामग्री का नमूना लिया है।

विदित हो कि वर्ष 2022में लोकनिर्माण विभाग के खण्ड 2 के द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत टिकावली सम्पर्क मार्ग का निर्माण कराया गया था। 5किलोमीटर लम्बाई की सडक के निर्माण में 2करोड 88 लाख की लागत आई थी यह कार्य जून 2022 में पूर्ण हो गया था लेकिन इस मार्ग के निर्माण के दौरान ग्रामीणो ने इसकी गुणवत्ता पर सवाल उठाये थे क्योंकि निर्माण के दौरान ही यह उखड़ने लगा था लेकिन कार्यदाई संस्था सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड 2 ने इसे गम्भीरता से नही लिया। ग्रामीणो ने इसकी जानकारी पूर्व विधायक छोटे सिंह चौहान को दी। उन्होने निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी को गम्भीरता से लेते हुए क्षेत्र में निर्मित सभी सड़को की शिकायत शासन से की थी। शासन ने भी पूर्व विधायक की शिकायत पर सडक की गुणवत्ता की जांच के लिए तकनीकी टीम गठित कर दी। इसी के चलते वुधवार लोकनिर्माण विभाग के अभिन्ता वीरेंद्र कुश के नेतृत्व मे तकनीकी टीम ने सड़क की गुणवत्ता जांची है जहां उन्हे कुछ ठीक नहीं मिला है । इस दौरान टीम ने शिकायत कर्ता पूर्व विधायक छोटे सिंह चौहान व ग्रामीणो के सामने सडक निर्माण में प्रयुक्त सामग्री का नमूना लिया है। टीम के अनुसार नमूने को जाँच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। इसके अलावा जांच का परिणाम आने के बाद ही वह इस सम्बन्ध में कुछ कह सकेंगे। वही मौके पर मौजूद पूर्व विधायक ने कहा कि सडक में बेहद घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया है जिसके चलते यह बनते ही उखडने लगी थी तो इस दौरान विभाग द्वारा बनाई गई आधा दर्जन पुलिया भी बेहद खराब बनाई गई है जो कुछ दिनों में ही उखडने लगी है। टीम ने बीजापुर की सडक का भी नमूना लिया है तो सिकरीरहमानपुर की सडक के भी नमूने लिए है।


सड़क को गुणवत्ता परखते अधिकारी, साथ में पूर्व विधायक छोटे सिंह। अमृत विचार

- पूर्व विधायक की शिकायत पर शासन ने भेजी तकनीकी टीम

# यमुना पुल पर खड़ी मिली लापता युवक की बाइक

संवाददाता, कालपी

- आत्महत्या करने का अनुमान बुधवार को हुआ था लापता

**अमृत विचार।** बुधवार दोपहर घर से दुकान के लिए निकले युवक की बाइक बीती रात कालपी के पुराने यमुना पुल पर खड़ी मिली । परिजनों ने युवक के यमुना में कूदकर आत्महत्या करने की आशंका जाहिर की है। उधर पुलिस घटना पर संदेह कर रही है।

उरई के मुहल्ला पटेल नगर निवासी शाहरूख पुत्र शमशाद की उरई नगर में हेयर कटिंग की तीन दुकाने है जिसे वह अपने परिजनो के साथ मिलकर चलाता है। गायब हुए युवक के परिजनो के मुताबिक वह वुधवार को देर से जागा था और लगभग 12 बजे दोपहर वह बाईक से दुकान के लिए निकला था लेकिन वह दुकान पर नही पहुँचा था जानकारी की गई लेकिन उसका कोई पता नहीं चला था। उसके दोस्त शाने ने बताया की लापता युवक ने उसे फोन से बताया था कि वह आत्महत्या करने जा रहा है। उसने बाइक के कालपी यमुना पुल पर खड़ी होने की बात भी बताई थी। दोस्त शाने ने बताया कि उसने उसे फोन पर समझाने की भी कोशिश की थी, पर उसका फोन बन्द हो गया था। दोस्त ने युवक के फोन पर की गई बातचीत की जानकारी युवक के परिजनो को तत्काल दी थी । आनन फानन मामले की जानकारी परिजनो ने पुलिस को दी।

परिजन मौकै पर पहुंच गये थे जहा पर युवक की बाइक पुराने यमुना पुल की कोठी नम्बर तीन पर खडी मिली थी। बाइक देख परिजन परेशान हो गए थे और थाना पुलिस से युवक की खोज करने का आग्रह किया था। कोतवाली प्रभारी कामता प्रसाद ने कहा कि जांच में पता चला है कि उस समय कोई युवक यमुना में नही कूदा है। उस दौरान बाइक पर सवार होकर दो लोग पुल पर आये थे और उन्होने कुछ फेंका भी था। इसे वहां मौजूद मछुआरों ने भी देखा है।

# सरकार करेगी मजबूर बंदियों की मदद

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** जिला कारागार में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला द्वारा सभी बैरिकों का निरीक्षण किया गया। प्राधिकरण सचिव द्वारा आयोजित शिविर में उपस्थित सिद्धदोष विचाराधीन बन्दियों को महत्वपूर्ण कानूनी जानकारी प्रदान की गयी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला जज जज महेन्द्र कुमार रावत ने बताया कि जिला कारागार में निरूद्ध ऐसे सिद्धदोष व विचाराधीन बन्दी जिनकी जमानत न्यायालय से हो चुकी है, किन्तु वे जमानतगीर दे पाने में सक्षम नहीं है, ऐसे बन्दियों को 40 हजार तक की धनराशि तक की सहायता शासन द्वारा की जायेगी । एडीजे रावत ने बताया कि ऐसे सिद्धदोष बन्दी जो आजीवन कारावास से दण्डित है तथा जिनकी उम्र 70 वर्ष से अधिक हो चुकी हैं एवं उनकी दया याचिका छः माह से अधिक समय से लम्बित हैं और जो समयपूर्व रिहाई के पात्र हैं ऐसे बन्दियों को वर्तमान में शासन द्वारा चलाई जा रही योजना के तहत जमानत पर रिहा कराया जा सकता है। बन्दियों की समस्याओं के निराकरण हेतु जिला कारागार प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। सचिव ने बताया कि ऐसे सिद्धदोष बन्दी जिनको सजा के साथ 25 हजार तक का जुर्माने का भी आदेश हुआ है एवं ऐसे बन्दी जो सजा पूर्ण कर चुके हैं। इन बन्दियों पर लगाये गये जुर्माने के 25 हजार तक की राशि सरकार द्वारा जमा करके उन्हें रिहा कराया जायेगा।


कारागार में आयोजित शिविर। अमृत विचार

इस कार्यक्रम में असिस्टेन्ट लीगल एड डिफन्स काउन्सिल सिस्टम श्री अभिषेक पाठक द्वारा जेल लोक अदालतों, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम और विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दी जाने वाली विभिन्न कानूनी सुविधाओं के सम्बन्ध में विस्तार से बताया गया।

कार्यक्रम के उपरान्त विचाराधीन बन्दियों की समस्याओं के निराकरण हेतु और उनको विधिक सहायता पहुंचाने के लिये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री रावत ने जिला कारागार उरई की सभी बैरकों का निरीक्षण किया।

## ट्रांसफार्मर फुंकने से बिजली गुल

**उरई (जालौन)।** तहसील उरई के ग्राम डकोर विकासखंड के कुसमिलिय गांव का ट्रांसफार्मर दो दिन पहले फुंक गया था। जिससे आधे गांव की बिजली की आपूर्त ठप है। बोर्ड परीक्षा के दौरान बिजली आपूर्ति बाधित होने से परीक्षार्थी पढ़ने को लेकर तरह-तरह से रोशनी का प्रबंध कर रहे हैं। स्थानीय कर्मियों ने फ्यूज बगैरह देख चालू करने का प्रयास किया, लेकिन सप्लाई आपूर्ति चालू नहीं हुई। बिजली घर कुसमीलिया के कर्मचारियों ने बताया कि यह ट्रांसफार्मर फुक गया है।

# जनसुविधा केंद्रों में 50 की जगह ले रहे 250 शुल्क

- आधार कार्ड में नाम संशोधन कराने गए थे
- पति के साथ पूर्व पालिकाध्यक्ष भी गईं थीं

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** सम्बंधित विभाग की लापरवाही कारण आधार कार्ड में संशोधन करने पर अवैध वसूली के मामले आये दिन सामने आते हैं। बावजूद इसके जिम्मेदारों को कोई फर्क नहीं पड़ता और आधार संसोधन केंद्रों के द्वारा काउंटर बनाकर खुलेआम लूट करने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। आधार संसोधन के नाम पर दो सौ से तीन सौ रुपये तक की वसूली की जा रहे है। जो व्यक्ति रुपये नहीं देता है, उसको संशोधन के लिए मना कर दिया जाता है।


नवीन गुप्त।

मामला गुरुवार का है, पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष गुप्ता अपने पति भाजपा नेता नवीन गुप्त के साथ अपने आधार कार्ड में नाम संशोधन के लिए डाकघर के बगल में स्थित बीएसएनएल ऑफिस में चल रहे जन सेवा केंद्र गई हुई थीं। उन्होंने संसोधन के बाद जन सेवा केंद्र के संचालन ने फीस के नाम पर ढाई सौ मांगे, जब उन्होंने कहा कि 50 रुपये ही फीस लगती हैं। केंद्र संचालक ने कहा कि फीस ढाई सौ फीस देनी पड़ेगी नही तो आधार कार्ड संसोधन नही हो पायेगा। जब पूर्व पालिकाध्यक्षा ने इसका विरोध किया तो केंद्र संचालक अभद्र व्यवहार करने लगा। इतना ही पूर्व में भी कई बार उक्त केंद्र की ज्यादा पैसे मांगे को लेकर शिकायत की जा चुकी हैं। लेकिन अधिकारियों के लचर रवैये के कारण केंद्र संचालक के हौसले बुलंद हैं। लोग सुबह ही लाइन में आकर लग जाते हैं।

# छापेमारी कर भरे नमूने, मचा हड़कंप

संवाददाता, जालौन

**अमृत विचार।** सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा डा. जतिन कुमार सिंह के नेतृत्व में आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य, पेय पदार्थ उपलब्ध कराये जाने के दृष्टिगत गुरुवार को उरई शहर के नामचीन शुद्ध देशी घी से मिष्ठान निर्मित करने वाले लालमन स्वीट्स हाउस गोपालगंज से देशी घी का नमूना लिया गया। श्री पवन कुमार जवाहरगंज उरई से खुली चायपत्ती, इकबाल की परचून दुकान से खुली चायपत्ती, प्रियंका वनस्पति ट्रेडर्स जवाहर गंज से रिफाइन्ड ऑयल एवं पोहा के नमूने लिये। अजनरी रोड स्थित नटराज ढाबा एण्ड फैमली रेस्टोरेन्ट, रामसहोदर के होटल, दिनेश कुमार होटल, मेडिकल चौराहा स्थित सुनील कुमार के चाय होटल, रोहित कुमार के होटल तथा सर्वेश राजपूत के होटल से दूध के नमूने भरे। अपर आयुक्त ने बताया कि भरे गए सभी नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा जाएगा और नमूना फेल होने पर संबंधित दुकानदार के खिलाफ विधिक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। टीम के द्वारा जनपद में निरन्तर निरीक्षण किये जा रहे हैं।


जालौन में नमूना भरती खाद्य सुरक्षा टीम। अमृत विचार

## डंपर खड़े ट्रक से भिड़ा चालक घायल

**कालपी।** नये यमुना पुल के आगे कानपुर देहात की सीमा में ट्राला पलट गया था। पेट्रोल पम्प के पास गिटटी से भरा डंपर आगे खड़े ट्रक में टकरा गया। टक्कर मारने वाले ट्रक का चालक घायल हो गया।

ट्रक के केबिन मे फंसे चालक राहुल सैनी निवासी पहुरिया थाना ललपुरा जिला हमीरपुर को वाहर निकाला था और उसे प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए थे लेकिन हालत अच्छी नहीं होने पर उसे जिला अस्पताल भेजा है। दो दो दुर्घटना होने से नगर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था खराब हो गई ।

**बोर्ड परीक्षा** बाकी समय में तय ध्वनि सीमा में ही बजा सकेंगे लाउडस्पीकर

# रात 10 बजे के बाद नहीं बज सकेंगे डीजे

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** गुरुवार से यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा शुरू हो गई है। परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसे ध्यान में रखते हुए रात दस बजे के बाद से डीजे बजने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके लिए थाना प्रभारियों को निर्देश जारी किया गया है।

गुरुवार से 10वीं व 12वीं कक्षा की बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो जाने के बाद परीक्षार्थियों को पढ़ने में व्यवधान उत्पन्न न होने देने के लिए पुलिस-प्रसासन ने डीजे के शोरगुल को रात 10 बजे के बाद रोकने का फैसला लिया है। पुलिस अधीक्षक इरज रजा आदेश पर सभी थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में स्थित मैरिज हॉल, बैंकेट हॉल व डीजे संचालकों को रात्रि 10 बजे से सुबह तक ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग तथा अन्य किसी प्रकार का शोर करना प्रतिबंधित किया गया। ध्वनि यंत्र व डीजे आदि का प्रयोग बाकी समय में भी उच्च न्यायालय, इलाहाबाद एवं इस निमित्त प्रावधानित विधिक प्राविधानों के क्रम में औद्योगिक क्षेत्र में दिन रात्रि के समय 70 डेसीबल, वाणिज्यिक क्षेत्र में 55 डेसीबल, रिहायशी क्षेत्र में 45 डेसीबल तथा शान्त क्षेत्र में 20 डेसीबल अधिकतम ध्वनि की तीव्रता निर्धारित की गयी है । नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बोर्ड परीक्षाओं कों लेकर पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में जालौन जनपद में स्थित मैरिज हॉल, बैंकेट हॉल व डीजे संचालकों के साथ गोष्टियां आयोजित की गयी है। और शासनादेश का अक्षरशः पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

### कालपी के दो परीक्षा केंद्रों में 50 परीक्षार्थी अनुपस्थित

**कालपी :** बोर्ड परीक्षा के पहले दिन दो परीक्षा केंद्रों में आधा सैकड़ा परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। गुरुवार से हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। प्रथम दिन प्रथम पारी में नगर के दो परीक्षा केंद्रों में एम.एस.वी इंटर कालेज तथा नगर पालिका बालिका इंटर कालेज में आधा सैकड़ा परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। नगर पालिका बालिका इंटर कालेज में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी तथा प्रधानाचार्या सुमन श्रीवास्तव तथा वरिष्ठ शिक्षका अपर्णा शर्मा की मौजूदगी में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं प्रारंभ हो गई हैं। प्रथम पारी में 175 में 3 परीक्षार्थियों ने तथा शाम मीटिंग में इंटर मीडिएट के 215 परीक्षार्थियों में 3 परीक्षार्थियों की अनुपस्थिति रही। एम.एस.वी. इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य सुशील कुमार द्विवेदी तथा वरिष्ठ शिक्षक आनन्द शर्मा की मौजूदगी में बोर्ड परीक्षा शुरू हुई। हाईस्कूल के 450 परीक्षार्थियों में से 55 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। दूसरी पारी में 228 परीक्षार्थियों में 8 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें।



परीक्षा केंद्र के स्ट्रांग रूम में बंद ताला दिखाते जिम्मेदार। अमृत विचार

## चोरी के माल सहित शातिर गिरफ्तार

**माधौगढ़-जालौन।** पुलिस ने चोरी के सौलर पैनल प्लेट व तमंचा सहित शातिर चोर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रजनेश चौहान चार्ज ग्रहण करते ही वांछित अपराधियों को जेल भेजने का अभियान चला रखा है। अपराध की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक ने मुखबिरों को सक्रिय किया। मुखबिर के द्वारा सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति किसी अपराध की तलाश में कस्वा के भीम नगर चौराहे पर घूम रहा है। कस्बा इंचार्ज शैलेंद्र कुमार ने मय पुलिस फोर्स के साथ संबंधित स्थान पर दविश देते हुए अभियुक्त की घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। उसने अपना नाम छोटू उर्फ मुकेश निवासी मोहल्ला मालवीय नगर थाना माधौगढ़ बताया। तलाशी में उसके पास से एक तमंचा तथा दो जिंदा कारतूस मिले। निशानदेही पर एक माह पूर्व पशु चिकित्सालय की छत से चोरी गए सोलर पैनल प्लेट व 15 सौ रुपए बरामद किए गए।

# रोजगार मेले में 161 को मिली नौकरी

कार्यालय संवाददाता उरई,

**अमृत विचार।** विकास खंड डकोर एट स्थित राम लखन पटेल डिग्री कालेज के परिसर में कौशल विकास मिशन एवं राजकीय आईटीआई के संयुक्त तत्वावधान में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में कई नामी-गिरामी कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। मेले में लगभग 313 से अधिक अभ्यर्थियों ने चयन हेतु अपना रजिस्ट्रेशन कराया, जिनमें से 161 प्रतिभागियों का विभिन्न कम्पनियों में रोजगार हेतु चयन हुआ।

मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि अरविन्द कुमार द्वारा फीता काटकर किया गया। अतिथियों द्वारा रोजगार मेले में कम्पनियों के लगे हुए स्टालों का निरीक्षण किया गया तथा प्रत्येक कम्पनी के प्रतिनिधि से उनके यहां होने वाले कार्य एवं रिक्तियों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गई। सम्मानीय मुख्य अतिथि द्वारा मॉ सरस्वती जी की छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम का सफल संचालन कर रहें निदेशक जन शिक्षण संस्थान कन्हैया लाल वैश्य एवं जिला सहायक कौशल प्रबंधक तौफीक अहमद द्वारा बुके देकर किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सतत परिश्रम ही, किसी भी युवा को उसकी मंजिल तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है तथा नयी ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिये सशक्त बनाता है। उन्होने कौशल विकास की प्रशंसा की कि कौशल विकास मिशन द्वारा, सरकार की मंशा को जमीनी स्तर पर साकार करते हुए नगर पंचायत स्तर तक भी रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है और रोजगार के इच्छुक लाभार्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। कार्यक्रम की याद संजोय रखने हेतु सम्मानीय अतिथियों को जिला कार्यक्रम प्रबन्धक आदित्य कुमार सिंह एवं सहायक जिला कौशल प्रबंधक तौफीक अहमद द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहें निदेशक जन शिक्षण संस्थान कन्हैया लाल वैश्य द्वारा किया गया।



डकोर एट में लगा रोजगार मेला। अमृत विचार

